# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 30 अगस्त 2024


## अब ठंडे बस्ते में युक्तियुक्तकरण

**रायपुर।** शिक्षकों और स्कूल के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया सरकार ने शिथिल कर दी है। आधिकारिक तौर पर आदेश वापसी का ऐलान नहीं हुआ है, पर कर्मचारी फेडरेशन और कतिपय अफसरों ने माना है कि प्रक्रिया अभी रोकी गई है। कहा जा रहा है,शिक्षक संगठनों के नेताओं के साथ कल द्विपक्षीय वार्ता फेल होने के बाद सरकार ने युक्तियुक्तकरण को अभी रोका है। शिक्षक नेताओं ने 16 सितंबर को स्कूलों में हड़ताल का ऐलान कर दिया था।






### एथलीट बनने का ऐसा जज्बा...

राष्ट्रीय मास्टर एथलीट में भाग लेते हैं मूलचंद

100 से 800 मीटर तक की लगाते हैं दौड़

# 50 की उम्र में शुरू किया दौड़ना 67 की उम्र तक जीते दो गोल्ड

**दुर्ग जिले के अहिवारा निवासी मूलचंद साहू प्रदेश के सबसे उम्रदराज एथलेटिक्स**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किभी भी खेल में खिलाड़ी बनने की कोई उम्र नहीं होती। व्यक्ति अपनी क्षमता और प्रतिभा के दम पर युवा अवस्था के बाद भी एक बेहतर खिलाड़ी बन सकता है। कुछ ऐसा ही दुर्ग जिले के अहिवारा निवासी 67 वर्षीय मूलचंद साहू ने भी कर दिखाया है। इनकी कहानी भी फिल्मों की तरह है। स्कूल से कॉलेज तक केवल पढ़ाई पर ध्यान दिया। शादी हुई, तो घर की जिम्मेदारी में जुट गए। बच्चों की शादी के बाद जब उम्र 50 साल हुई, तो सोचा कि बचपन का सपना पूरा कर लेते हैं और एथलेटिक्स बनने दौड़ना शुरू कर दिया। बढ़ती उम्र के ▶▶|शेष पेज 4 पर

अलग खबर

- गांव में बच्चे कहते हैं मिल्खा दादा
- 67 साल की उम्र में भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लेते हैं हिस्सा
- खेल अलंकरण समारोह में मिला शहीद विनोद चौबे सम्मान



### रोज 8 किलोमीटर की दौड़

स्कूल जाने बचपन में 10 से 15 किलोमीटर कभी सायकल तो कभी पैदल चलकर जाते थे। आज भी रोज 8 किलोमीटर की दौड़ करता हूं। उनका कहना है कि 50 साल की उम्र में मेरा शरीर ▶▶|शेष पेज 4 पर

### जीवन के 80 साल तक दौड़ता रहूंगा

67 साल में मूलचंद दौड़ लगाकर युवाओं को भी खेल के प्रति जोड़ना प्रयास करते हैं। उनका कहना है कि 50 साल की उम्र में दौड़ने की प्रेरणा मिल्खा सिंह से मिली थी। उन्हें अपना सुपर हीरो मानता हूं और गांव में बच्चे मुझे मिल्खा दादा कहते हैं। बचपन में स्कूल के दौरान दौड़ की प्रतियोगिता में हिस्सा लेता था, लेकिन उस समय ऐसा मौका नहीं मिला, जिससे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ▶▶|शेष पेज 4 पर

### रजत पदक को 2 करोड़ और कांस्य पदक विजेताओं को मिलेंगे 1 करोड़

राष्ट्रीय खेल दिवस पर राज्य खेल अलंकरण समारोह

# सीएम साय का ऐलान- ओलंपिक में गोल्ड जीतने पर मिलेंगे 3 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गुरुवार को राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 2021-22 व 2022-23 के लिए खिलाड़ियों 97 पुरस्कार ग्राही खिलाड़ियों 76 लाख की पुरस्कार राशि मिली। इसके अलावा पदक विजेता 502 खिलाड़ियों के बैंक खाते में 60.33 लाख डाले गए।। कुल खिलाड़ियों को 1 करोड़ 36 लाख 33 हजार जारी किया गया। खिलाड़ी शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार समेत शहीद पंकज विक्रम सम्मान, शहीद विनोद चौबे सम्मान व मुख्यमंत्री ट्रॉफी से अलंकृत किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के ▶▶|शेष पेज 4 पर



टेनिस, शूटिंग के लिए शहीद विनोद चौबे खेल सम्मान से विक्रम सिसोदिया को अलंकृत किया गया।

### क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना से मिलेगा खेल को बढ़ावा

छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि युवा खिलाड़ियों ने इस सम्मान के लिए बहुत संघर्ष किया है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा इस सम्मान का आयोजन रोक दिया गया था। हमारी सरकार द्वारा पुनः इस खेल अलंकरण सम्मान को शुरू किया गया है। केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री ने कहा कि केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ में ''क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना'' आरंभ करने का निर्णय लिया गया है। इस योजना से खेल मैदानों के उन्नयन के साथ ही खिलाड़ियों के लिए उच्च स्तरीय खेल उपकरणों की व्यवस्था, खेल प्रतिभाओं की खोज, खेल क्लबों को आर्थिक सहायता तथा पारंपरिक ▶▶|शेष पेज 4 पर



प्रदेश की खेल प्रतिभाओं का सम्मान।

### रिक्त पदों की भर्ती की जाएगी

*खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि राज्य में खेल और खिलाड़ियों के लिए अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है। । खेल अधोसंरचना का निर्माण, आवासीय खेल अकादमी और खेलों इंडिया सेन्टर की स्थापना से राज्य में खेल और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिल सकेगा। खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति के साथ-साथ खेल विभाग में रिक्त पदों की भर्ती की जाएगी। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्व* ▶▶|शेष पेज 4 पर






### कविता की जमानत पर टिप्पणी करने के लिए रेड्डी पर जताई नाराजगी

# तेलंगाना सीएम से खफा सुप्रीम कोर्ट, कहा हम किसी नेता से पूछकर फैसला नहीं लेते!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामलों में बीआरएस नेता के. कविता को दी गई जमानत के संबंध में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की टिप्पणियों पर गुरुवार को कड़ी आपत्ति जताई। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने रेड्डी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा, क्या आपने अखबार में पढ़ा कि उन्होंने क्या कहा? बस इतना पढ़िए, कि उन्होंने क्या कहा। एक ज़िम्मेदार मुख्यमंत्री का यह कैसा बयान है? इससे लोगों के मन में आशंकाएं पैदा हो सकती हैं।

क्या एक मुख्यमंत्री को ऐसा बयान देना चाहिए? संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति इस तरह से बोल रहे हैं? पीठ ने कहा, राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में उन्हें अदालत को क्यों घसीटना चाहिए? क्या हम राजनीतिक दलों से सलाह-मशविरा करके आदेश पारित करते हैं? हमें राजनीतिक नेताओं या किसी अन्य द्वारा हमारे फैसलों की आलोचना करने से कोई परेशानी नहीं होती। हम अपने विवेक और शपथ के अनुसार अपना कर्तव्य निभाते हैं। रेड्डी ने मंगलवार को संवाददाताओं ▶▶|शेष पेज 4 पर



*सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के एक बयान पर उन्हें जमकर फटकार लगाई। दरअसल, दिल्ली शराब नीति घोटाले में सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के. कविता को जमानत दे दी। रेवंत रेड्डी ने इसे बीआरएस और भाजपा की डील बताया था। उनके इस बयान पर नाराजगी जताते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे बयानों से लोगों के मन में आशंकाएं पैदा हो सकती हैं।*

### रेड्डी का वह बयान, जिस पर कोर्ट नाराज



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बीआरएस नेता के कविता की जमानत पर सवाल उठाते हुए यह बयान दिया था। रेड्डी ने कहा था, सिसोदिया को 15 महीने में बेल मिली, केजरीवाल को अब तक नहीं मिली, लेकिन कविता को 5 महीने में मिल गई। कहा जा रहा है कि भाजपा और बीआरएस में डील है। ध्यान रहे कि जस्टिस बी आर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने ही कविता को जमानत दी थी।

### किस मामले में कर रही सुनवाई

रेवंत रेड्डी पर आरोप है कि 2015 में उन्होंने विधानपरिषद चुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवार को वोट देने के लिए एक निर्दलीय विधायक को पैसे दिए थे। उस समय रेड्डी तेलगु देशम पार्टी में थे। बीआरएस के 4 विधायकों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर रेवंत के खिलाफ हैदराबाद में चल रहे इस मुकदमे को तेलंगाना से बाहर ट्रांसफर करने की मांग की है। उनका कहना है कि रेड्डी के सीएम बनने के बाद मामला प्रभावित हो रहा है। याचिका में यह भी कहा गया है कि रेड्डी राज्य के गृहमंत्री भी हैं, इसलिए, एंटी करप्शन ब्यूरो उन्हें रिपोर्ट करता है।

### कोर्ट ने कहा, सीएम का ऐसा बयान समझ से परे

अपने आदेश पर रेड्डी की टिप्पणी को देखते हुए जस्टिस गवई ने कहा, एक सीएम का ऐसा बयान देना समझ से परे है। अगर देश की सबसे बड़ी कोर्ट के प्रति उनके मन में यह सम्मान है, तो फिर उनका मुकदमा किसी और राज्य में ट्रांसफर कर देना ही बेहतर होगा। फिर तो यह भी कहा जा सकता है कि हम पब्लिक प्रॉसिक्यूटर की नियुक्ति किसी राजनीतिक दल से पूछ के कर रहे हैं।

### जजों ने पहले केस ट्रांसफर करने से मना किया

सुबह लगभग 11 बजे हुई सुनवाई में जस्टिस बी आर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने केस को तेलंगाना से बाहर ट्रांसफर करने से मना किया। बेंच ने कहा कि ऐसा करना राज्य के जजों के प्रति अविश्वास जताने जैसा होगा। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि वह अपनी तरफ से केस में स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर नियुक्त करेगा। बेंच ने दोपहर 2 बजे विशेष पब्लिक प्रॉसिक्यूटर की नियुक्ति का आदेश देने की बात कही थी, लेकिन 2 बजे जब बेंच बैठी तो उसने सीएम रेवंत रेड्डी के एक बयान पर सख्त नाराजगी जताई।

## खबर संक्षेप

### पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव ने ली अंगदान की शपथ



**अंबिकापुर।** प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव व उनके भतीजे जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने बड़ी पहल की है। गुरुवार को रेड क्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य आर्यन सिन्हा के माध्यम से उन्होंने अंगदान का संकल्प लिया है।

### निर्वाचन आयोग ने दूसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी की

**श्रीनगर।** निर्वाचन आयोग ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 25 सितंबर को होने वाले मतदान के लिए बृहस्पतिवार को अधिसूचना जारी कर दी। दूसरे चरण के तहत श्रीनगर, गंदेरबल, बडगाम, पुंछ, राजौरी और रियासी जिलों में फैले 26 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा।



### खेडकर को पांच सितंबर तक गिरफ्तारी से राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्व आईएएस परिवीक्षाधीन अधिकारी पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से दिया गया, अंतरिम संरक्षण 5 सितंबर तक बढ़ा दिया। उन पर धोखाधड़ी और गलत तरीके से ओबीसी तथा दिव्यांगता कोटे का लाभ प्राप्त करने का आरोप है। अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पांच सितंबर तक के लिए टाल दी।



### एग्रीमेंट के बाद आएगा नया स्टॉक

कुछ समय के बाद लागू होगी नई व्यवस्था

# छत्तीसगढ़ में शराब बेचने 30 कंपनियां ले रही रुचि, एक सितंबर से नहीं बदलेगा सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में ब्रेवरेज कार्पोरेशन के माध्यम से शराब खरीदी की नई व्यवस्था जल्द ही अमल में आएगी। बताया गया है कि 30 प्रमुख शराब कंपनियों ने शराब सप्लाई के लिए अनुबंध की तैयारी कर ली है। इन कंपनियों के साथ एग्रीमेंट की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अनुबंधित कंपनियों से शराब की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। आबकारी विभाग ने एक सितंबर से नई व्यवस्था के साथ शराब बिक्री शुरू करने का प्रयास किया था, लेकिन इसमें कुछ समय और लगने की संभावना है। ▶▶|शेष पेज 4 पर

खास खबर



### नई व्यवस्था सितंबर के पहले हफ्ते के बाद

आबकारी विभाग के जानकार सूत्रों की मानें, तो तैयारी ये की गई थी कि राज्य में 1 सितंबर से शराब बिक्री संबंधी नई व्यवस्था लागू कर दी जाएगी, लेकिन इस काम में अब देर लगने की संभावना नजर आ रही है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार अब सितंबर के पहले हफ्ते के बाद से नई व्यवस्था लागू हो सकेगी। वजह ये है कि जिन शराब कंपनियों ने राज्य में शराब सप्लाई करने की प्रक्रिया में हिस्सा में लिया है और उनके रेट ऑफर भी मंजूर हो गए हैं। ऐसी कंपनियों का एग्रीमेंट अब तक नहीं हो सका है।

### लेकिन शराब की कमी नहीं है

नई व्यवस्था लागू होने में देर होने के कारण माना जा रहा था कि शराब की बिक्री प्रभावित हो सकती है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक ऐसी स्थिति नहीं है। वजह ये है कि सरकार के ब्रेवरेज कार्पोरेशन के गोदामों में अभी शराब का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में है। खास बात ये है कि जिन कंपनियों ▶▶|शेष पेज 4 पर

### तय हो चुकी है ब्रांड के हिसाब से दरें

*छत्तीसगढ़ में सरकारी शराब बिक्री में नई पारदर्शी व्यवस्था लागू करने के बाद अब एक सितंबर से विदेशी शराब और बीयर की फुटकर बिक्री के लिए नई दरें लागू करने तैयारी थी। मूल्य सूची के जानकारों की मानें, तो शराब के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आमतौर पर जो दरें पहले लागू थीं, वह भी लगभग उतनी ही हैं। नई दरें* ▶▶|शेष पेज 4 पर






वॉशिंगटन। इस साल जून की शुरुआत में स्पेस स्टेशन पर गए एस्ट्रोनॉट्स सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर की वापसी अब अगले साल फरवरी महीने में होगी। नासा के दोनों एस्ट्रोनॉट्स ने बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे थे और एक हफ्ते में ही वापस पृथ्वी पर आना था, लेकिन स्पेसक्राफ्ट में खराबी आने के बाद दोनों को अंतरिक्ष में लंबा समय व्यतीत करना होगा। इस दौरान, सुनीता और बैरी के लिए दुनियाभर से लोग चिंता व्यक्त कर रहे हैं। सुनीता विलियम्स के पति और मां ने भी अब अपनी चुप्पी तोड़ी है। सुनीता की मां ने बताया कि हाल ही में मेरी बेटी से बात हुई है और उसने मुझे बताया कि सबकुछ ठीक होगा, मैं चिंता न करूं।

**कुछ दिन पहले ही हुई है बेटी से बातचीत**

# ‘वह एक अनुभवी अंतरिक्ष यात्री, जानती है कि क्या करना है’

## सुनीता विलियम्स के अंतरिक्ष में फंसने पर मां ने तोड़ी चुप्पी

### पति ने कहा- ‘वह उनकी खुशी की जगह’

अमेरिकी मीडिया हाउस वॉल स्ट्रीट जर्नल को दिए एक इंटरव्यू में पति माइकल ने कहा, ''वह उनकी खुशी की जगह है।'' इसके अलावा, मां बोनी पांड्या ने कहा कि अगर उनकी बेटी पृथ्वी पर लौटने में अपेक्षा से अधिक समय ले रही है, तो उन्हें कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि विल्मोर और विलियम्स दोनों ही इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में अपने काम में कड़ी मेहनत कर रहे हैं।





**400 दिनों से हैं अंतरिक्ष में**

इंटरव्यू में सुनीता विलियम्स की मां बोनी पांड्या ने अपनी बेटी को अनुभवी अंतरिक्ष यात्री बताया। उन्होंने कहा, ''मैं उसे कोई सलाह नहीं देती। वह जानती है कि क्या करना है। वह एक अनुभवी अंतरिक्ष यात्री है। वह 400 दिनों से अधिक समय तक अंतरिक्ष में रही है।'' बता दें कि सुनीता की मां ने अपनी बेटी से दो दिन पहले ही बात की थी। उन्होंने बताया कि सुनीता ने अपनी मां से कहा कि वह उसके बारे में चिंता न करें और सबकुछ ठीक होगा।

### यह है परेशानी

*सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर की वापसी बोइंग स्पेसक्राफ्ट में हीलियम लीक और थ्रस्टर में दिक्कत आने के बाद रुक गई। नासा एडमिनिस्ट्रेटर बिल नेल्सन ने पिछले दिनों बताया कि स्पेसएक्स कैप्सूल के जरिए दोनों अंतरिक्ष यात्री अब अगले साल फरवरी में वापस आएंगे, जबकि स्टारलाइनर बिना क्रू के साथ पृथ्वी पर वापस लौटेगा।*

## खबर संक्षेप

### एससीओ सम्मेलन : पाक ने भेजा पीएम मोदी को न्योता



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अक्टूबर में यहां आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ‘डॉन’ समाचार पत्र की खबर के अनुसार, साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि 15-16 अक्टूबर को होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए शासनाध्यक्षों को निमंत्रण भेजे गए हैं।

### शिवाजी प्रतिमा : अजित के बाद अब शिंदे ने मांगी माफी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने माफी मांगी है। इसके साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द एक बड़ी मूर्ति बनाने का ऐलान किया है। एकनाथ शिंदे के माफी मांगने से पहले सूबे के डिप्टी सीएम अजित पवार ने भी महाराष्ट्र की जनता से माफी मांगी थी। वहीं, अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने आज छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने पर पूरे राज्य में मौन विरोध प्रदर्शन किया और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### दिल्ली और एनसीआर में भूकंप के झटके



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में गुरुवार की सुबह भूकंप आने से कई शहरों में दहशत फैल गई। इसका असर भारत की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में भी महसूस किए गये। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.7 आंकी गई। अभी तक इससे जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। हालांकि भूकंप के कंपन की वजह से दहशत में लोग घरों से बाहर निकल आए। इससे पहले बुधवार को उज्बेकिस्तान के ताशकंद में भी भूकंप महसूस किया गया था। उसकी तीव्रता 7.1 थी। भूकंप की वजह से जमीन के अंदर एक कंपन होता है। इससे जमीन तथा इसके ऊपर मौजूद स्ट्रक्चर हिलने लगता है।

## राज्यसभा में एनडीए और मजबूत

# जगनमोहन की वायएसआर के दो सांसदों ने दिया इस्तीफा, टीडीपी में होंगे शामिल

*आंध्र प्रदेश में तेलुगू देशम पार्टी(टीडीपी) के खिलाफ लोकसभा चुनावों में करारी हार झेलने के बाद जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। गुरुवार को वायएसआर के दो मौजूदा राज्यसभा सांसदों, बीदा मस्तन राव और मोपीदेवी वेंकटरमण राव ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मुलाकात के बाद राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।*

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

खबरों के मुताबिक उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। दोनों के अगले सप्ताह केंद्र में सत्तारूढ़ एनडीए की मजबूत सहयोगी टीडीपी में शामिल होने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक ऐसे संकेत हैं कि मस्तन राव को टीडीपी उम्मीदवार के रूप में राज्यसभा में लौटने के लिए कहा जाएगा जबकि मोपीदेवी को राज्य विधानसभा में एमएलसी पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए कहा जाएगा। मोपीदेवी 2020 में राज्यसभा के लिए चुने गए थे और उनका कार्यकाल 2026 तक था। टीडीपी राज्यसभा की सीट अपने पास रखेगी और इस सीट पर किसी पूर्व सैनिक को भेजना चाहेगी। वहीं 2022 में राज्यसभा में आए मस्तन राव का कार्यकाल 2028 तक है।







### कमजोर पड़ रही है वाईएसआर

दो सांसदों के इस्तीफे से वाईएसआर कांग्रेस कमजोर पड़ती दिख रही है। वाईएसआरसीपी के पास अब 11 की जगह नौ सांसद हैं। 2024 के विधानसभा चुनावों में सत्ता से बाहर होने वाली पार्टी लोकसभा चुनाव में 25 सीटों वाली सिर्फ चार सीटें जीतने में सफल रही थी। सीटों का बड़ा हिस्सा चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी ने जीता जिसके फिलहाल लोकसभा में 16 सांसद हैं, जबकि भाजपा ने दो सीटें जीतीं। पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जन सेना के पास दो लोकसभा सांसद हैं।

### एनडीए ने राज्यसभा में बहुमत का आंकड़ा किया पार

हाल ही में राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद एनडीए ने राज्यसभा में बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। एनडीए 11 में से 10 सीटें जीतने में सफल रही। राज्यसभा में फिलहाल सदस्यों की संख्या 114 है जिसमें कुछ मनोनीत और स्वतंत्र सदस्य भी शामिल हैं। टीडीपी के दो सांसदों के फिर से चुने जाने के साथ ही एनडीए की ताकत और बढ़ जायेगी।

### चंपाई की जगह अब रामदास को मिलेगा मंत्री पद, भाजपा में जाने की थी अटकलें



झारखंड में सियासी उथल-पुथल के बीच हेमंत सोरेन कैबिनेट में एक नए मंत्री जुड़ने जा रहे हैं। दरअसल, चंपाई सोरेन के मंत्री पद से इस्तीफे के बाद अब उनकी जगह रामदास सोरेन मंत्री बन सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार सुबह 11 बजे राजभवन में रामदास सोरेन मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। रामदास सोरेन घाटशिला से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक हैं। चंपाई सोरेन के साथ-साथ उनके भी बीजेपी में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रहीं थी, जिन्हें उन्होंने खारिज कर दिया। चंपाई की तरह रामदास सोरेन भी कोल्हान क्षेत्र के बड़े नेता हैं। रामदास शिबू सोरेन के साथ झारखंड आंदोलन में सक्रिय रहे थे. आदिवासी समाज के बीच उनकी अच्छी पैठ है। पहली बार रामदास सोरेन 2009 में और दूसरी बार 2019 में विधायक बने। वह जेएमएम के पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष भी हैं।

#### ‘मजबूर होकर देना पड़ा इस्तीफा’

इससे पहले बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रमुख शिबू सोरेन को लिखे पत्र में वरिष्ठ आदिवासी नेता चंपाई सोरेन ने कहा कि झामुमो की वर्तमान कार्यशैली से व्यथित होकर उन्हें पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## एनआईए ने की कार्रवाई

# रक्षा संबंधी गोपनीय जानकारी लीक, सात राज्यों में पड़े छापे

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**



राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पाकिस्तानी जासूसी गिरोह के जरिए रक्षा संबंधी गोपनीय जानकारी लीक होने के मामले की जांच के लिए सात राज्यों में कई स्थानों पर छापेमारी की है। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि एनआईए की टीम ने बुधवार को जिन परिसरों में छापे मारे वे उन संदिग्ध लोगों से जुड़े थे, जिन्हें भारत में जासूसी गतिविधियां चलाने के लिए कथित तौर पर पाकिस्तान से धन प्राप्त हुआ था। एनआईए के बयान में कहा गया, ''पाकिस्तानी आईएसआई जासूसी गिरोह के जरिए रक्षा संबंधी खुफिया जानकारी लीक होने से जुड़े मामले में गुजरात, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा में 16 स्थानों पर छापे मारे गए।’ एनआईए की छापेमारी के दौरान 22 मोबाइल फोन और कई संवेदनशील दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए ने जुलाई 2023 में मामले को अपने हाथ में लिया था, जिसे मूल रूप से जनवरी 2021 में आंध्र प्रदेश के ‘काउंटर-इंटेलिजेंस सेल’ने दर्ज किया था। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि यह मामला सीमा पार से रची गई भारत विरोधी साजिश के तहत भारतीय नौसेना से संबंधित संवेदनशील महत्वपूर्ण जानकारी लीक करने से जुड़ा है।

### भारत विरोधी साजिश के संकेत

एनआईए ने 19 जुलाई 2023 को दो आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था, जिसमें एक फरार पाकिस्तानी नागरिक मीर बलज खान भी शामिल था। एनआईए ने कहा कि जांच से पता चला कि खान, गिरफ्तार आरोपी आकाश सोलंकी के साथ जासूसी गिरोह में शामिल था। एनआईए ने छह नवंबर, 2023 को दो अन्य आरोपियों मनमोहन सुरेंद्र पांडा और अल्वेन के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया। बयान में कहा गया है कि पांडा को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि पाकिस्तानी जासूसी गिरोह का सदस्य अल्वेन फरार है। एनआईए ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंट के साथ साजिश रचने के आरोप में एक आरोपी अमन सलीम शेख के खिलाफ मई 2024 में दूसरा पूरक आरोप पत्र दायर किया।

**कोलकाता**

**रेप-मर्डर केस**

**अस्पताल प्रबंधन ने की थी गुमराह करने की कोशिश**

# डॉक्टर के मां-बाप को बोला गया था सुसाइड वाला झूठ




**एजेंसी ▶▶| कोलकाता**

कोलकाता लेडी डॉक्टर रेप-मर्डर केस में बड़ा अपडेट सामने आया है। इस केस में मिले दो ऑडियो क्लिप में आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगे हैं। 9 अगस्त को एक महिला डॉक्टर की कथित बलात्कार और हत्या के मामले में अस्पताल ने पीड़िता के माता-पिता को गुमराह करने की कोशिश की। पहले क्लिप में अस्पताल के एक सहायक अधीक्षक ने पीड़िता के पिता को बताया कि उनकी बेटी बहुत बीमार है और अस्पताल में भर्ती है। वहीं दूसरी क्लिप में एक व्यक्ति ने माता-पिता को बताया कि लेडी डॉक्टर ने आत्महत्या कर ली है और उन्हें तुरंत अस्पताल आना चाहिए।

### ऑडियो क्लिप में क्या?

रिपोर्ट के मुताबिक, पहली क्लिप में एक महिला पीड़िता के पिता से कहती हुई सुनाई दे रही है कि आपकी बेटी अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत बहुत खराब है। कृपया जल्दी आएं। जब वह यह जानना चाहते हैं कि उसे बुखार तो नहीं है, तो महिला कहती है कि मैं डॉक्टर नहीं हूं। मैं एक सहायक अधीक्षक हूं। आपकी बेटी को इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत बहुत खराब है। एक डॉक्टर आपको इसके बारे में और बताएंगे।

**दूसरी क्लिप में क्या? :** दूसरी क्लिप में एक शख्स उसके माता-पिता से कह रहा है कि जितनी जल्दी हो सके आ जाओ। आपकी बेटी अब नहीं रही। हो सकता है कि उसने आत्महत्या कर ली हो। पुलिस यहां है, इसलिए आप भी जल्दी आ जाओ। जब आप यहां होंगे तो आपको और पता चलेगा।

### ‘छात्रों के खिलाफ कुछ नहीं कहा, आंदोलन को पूरा समर्थन : ममता



कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई अत्याचार का मामले को लेकर न्याय की मांग को लेकर सरकारी अस्पताल के डॉक्टर विरोध कर रहे हैं। उनके इस आंदोलन पर सीएम ममता बनर्जी ने कहा था कि एक एफआईआर उनके भविष्य को बर्बाद कर सकती है। उनके इस बयान के बाद विपक्ष सीएम ममता बनर्जी पर हमलावर है। अपने भाषण को लेकर सफाई देते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, ‘मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मैंने (मेडिकल आदि) छात्रों या उनके आंदोलनों के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा है। मैं उनके आंदोलन का पूरा समर्थन करती हूं, उनका आंदोलन सच्चा है। मैंने उन्हें कभी धमकी नहीं दी, जैसा कि कुछ लोग मुझ पर आरोप लगा रहे हैं। यह आरोप पूरी तरह से गलत है।’









**‘डोजो’ शब्द मार्शल आर्ट के लिए एक प्रशिक्षण कक्ष या स्कूल के लिए प्रयोग**

# राहुल गांधी शुरू करेंगे ‘भारत डोजो यात्रा’, मार्शल आर्ट से है खास लिंक

## युवाओं को ‘जेंटल आर्ट’ की सुंदरता से परिचित कराएंगे

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नई यात्रा का ऐलान किया है। इस यात्रा को ‘भारत डोजो यात्रा’ नाम दिया गया है। आम तौर पर डोजो शब्द मार्शल आर्ट के लिए एक प्रशिक्षण कक्ष या स्कूल के लिए प्रयोग किया जाता है। इससे पहले राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा और मणिपुर से मुंबई तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली थी। राहुल गांधी ने अपने यूट्यूब चैनल और एक्स अकाउंट पर एक वीडियो भी साझा किया है, ये वीडियो इस साल की शुरुआत में निकाली गई ‘भारत जोड़ो न्याय यात्रा’ के समय का है। वीडियो में वह कई बच्चों



के साथ मार्शल आर्ट की बारीकियां साझा करते नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी ने इस वीडियो के साथ लिखा है कि हमारा लक्ष्य इन युवाओं को ध्यान, जिउ-जित्सु, ऐकिडो और अहिंसक संघर्ष की तकनीकों के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण ‘जेंटल आर्ट’ की सुंदरता से परिचित कराना था। उन्होंने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान, जब हमने हजारों किलोमीटर की यात्रा की, तो हमारे शिविर स्थल पर हर शाम जिउ-जित्सु का अभ्यास करना हमारी दैनिक दिनचर्या थी। राहुल ने बताया कि ये चीज फिट रहने के एक सरल तरीके के रूप में शुरू हुई था लेकिन ये एक कम्युनिटी एक्टिविटी में बदल गई। राहुल ने बताया कि जहां वे रुके हुए थे वहां संबंधित शहरों के साथी यात्रियों और युवा मार्शल आर्ट छात्रों को एक साथ लाया गया।

### लोगों के साथ अनुभव साझा करेंगे राहुल

राहुल गांधी ने बताया है कि वह राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर लोगों के साथ अपना अनुभव साझा करना चाहते हैं। राहुल ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनमें से कुछ लोग इस जेंटल कला का अभ्यास करने के लिए प्रेरित होंगे। इसके बाद राहुल ने लिखा कि भारत डोजो यात्रा जल्द ही आ रही है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी





- कोरोना के पहले शुरू हुआ था पायलेट प्रोजेक्ट, अब सब ठंडे बस्ते में
- सामान्य मेन्यू के तहत परोसे जा रहे खाने में हरी सब्जियां गायब

### एक कप चाय से भी कम है मध्याह्न भोजन की कीमत

महंगाई के दौर में जहां लोगों को 10 रुपए में एक कप चाय भी नहीं मिलती, वहीं सरकार पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों को 5 रूपए 69 पैसे और छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों को 8 रूपए 17 पैसे में हेल्दी बनाने का प्रयास कर रही है। स्कूलों में भोजन बनाने शेष पेज 4 पर

### सहयोग से चल रही योजना

मिड डे मील योजना केन्द्र व राज्य सरकार के सहयोग से चलाई जा रही है। अप्रैल 2023 में प्रायमरी कक्षा के बच्चों को 5 रुपए 69 पैसे और मिडिल क्लास के बच्चों का 8 रुपए 17 पैसे में भोजन दिया जा रहा है।
- रामगोपाल नायक, मध्याह्न भोजन प्रभारी, बिलासपुर

# पेट तो भर रहा, लेकिन थाली से प्रोटीन गायब

## सोया मिल्क, विटामिन... सब 'शून्य', मौसमी फल भी नदारद

रायपुर - रुचि वर्मा, बिलासपुर - अनिल श्रीवास, अंबिकापुर - अजय नारायण पांडे, रायगढ़ - पंकज तिवारी, जांजगीर - अभिषेक शुक्ला, बस्तर - महेंद्र विश्वकर्मा

हरिभूमि लाइव

प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में छात्रों को जो भोजन परोसा जा रहा है, उससे नन्हे बच्चों का पेट तो भर रहा है, लेकिन उन्हें प्रोटीन नहीं मिल पा रहा है। बच्चों की तंदुरुस्ती के लिए फिक्रमंद सरकार ने उनको सेहतमंद बनाने एक जिले में नाश्ते की शुरुआत भी की है, लेकिन मध्यान्ह भोजन की थाली की सेहत नहीं सुधर सकी है, इसकी वजह है खर्च। कई समूह कम खर्च में बच्चों को सेहतमंद भोजन उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। बच्चों को अंडा और सोया मिल्क जैसी प्रोटीनयुक्त वस्तुएं देने के लिए पायलेट प्रोजेक्ट भी शुरू किया गया, लेकिन कोरोना के बाद यह प्रोजेक्ट भी ठंडे बस्ते शेष पेज 4 पर



### ...यहां तो डेढ़ साल से सब्जी ही गायब

अंदरूनी क्षेत्रों में स्थिति अधिक खराब है। बस्तर संभाग के बीजापुर एवं नारायणपुर जिले के अंदरूनी एवं सर्वाधिक नक्सल प्रभावित गांवों के स्कूलों में मध्यान्ह भोजन में बच्चों को पोषक आहार नहीं मिल पा रहा है। ऐसा मामला बीजापुर जिले के प्राथमिक शाला चिन्नाजोजेर में मिला, जहां बच्चों को सिर्फ चावल मिल रहा है। कई बच्चे दाल और सब्जी घर से लेकर आ रहे हैं।गरीब घरों के कई बच्चे सिर्फ शेष पेज 4 पर

### मंगाएंगे जानकारी

बच्चों के पोषण में डाका की शिकायत नहीं मिली है, शिकायत होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसकी जानकारी लेंगे और सातों जिले के डीईओ को निर्देश देंगे कि बच्चों को नियमानुसार भोजन दें।
- संजीव श्रीवास्तव, संयुक्त संचालक, बस्तर शिक्षा संभाग

### किए हैं बदलाव

कलेक्टर के निर्देश पर मध्याहन भोजन की क्वालिटी में बड़ा बदलाव आया है तथा बच्चों को नियमित पौष्टिक भोजन प्रदान किया जा रहा है।
- एके सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी, अंबिकापुर



### चखा ही नहीं खीर और चना-गुड़

मध्याह्न भोजन योजना के तहत बिलासपुर से लगे ग्राम लोखंडी प्राथमिक शाला के बच्चों को सोमवार से शनिवार तक चावल, दाल, हरी सब्जी, पंचरत्न दाल, फ्राई दाल, आलू मटर, आलू झुरगा, अचार, वेज पुलाव, टमाटर की फ्राई, पापड़, दूध के साथ खीर, अंकुरित चना, चना गुड़, मौसमी फल आदि परोसा जाना है, लेकिन बच्चों को मटर आलू, दाल, कुम्हड़ा, लौकी आदि की सब्जी ही परोसी जा रही है। बच्चों ने बताया कि खीर, चना-गुड़ और मौसमी फल उन्हें आज तक नहीं मिला। गुरुवार को इस स्कूल में बच्चे पतली दाल और चावल खाते नजर आए।

### दूसरे स्कूलों का भी यही हाल

बिलासपुर जिले के सभी ब्लाक में ग्रामीण इलाके के स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना का बुरा हाल है। शहर के आसपास मंगला, घुटकू सहित अनेक गांवों के स्कूलों में बच्चों को मेनू के अनुसार भोजन नहीं परोसा जा रहा है, इसका मुख्य कारण भोजन के लिए कम राशि स्वीकृत होना बताया जा रहा है।

### आलू खाओ, सेहत बनाओ!

जांजगीर-चांपा जिले में मध्याह्न भोजन योजना का बुरा हाल है। आचार,पापड़ और सालाद तो दूर सप्ताह में दो दिन तरीके से हरी सब्जी भी नहीं मिलती। शासन द्वारा संचालित मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत बच्चों को सप्ताह के छह दिन मीनू के अनुसार पौष्टिक भोजन देना है, जिसमें हरी सब्जी, सोयाबीन की बड़ी के अलावा सप्ताह में एक दिन खीर और शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पूर्वी इंफाल जिले में हथियारों का जखीरा बरामद



**इंफाल।** मणिपुर के पूर्वी इंफाल जिले के सेकता अवांग लेईकाई इलाके में तलाश अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया गया है। तीन इन्सास राइफल, दो एके-56 राइफल, मैगजीन, गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।

### एटीएम कार्ड चुराने वाले गिरोह से मुठभेड़



**नोएडा।** पुलिस ने एटीएम कार्ड चोरी कर रुपये निकालने वाले गिरोह के चार बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। आरोपियों की पहचान रोहित उर्फ मोनू, मनीष, आयुष और रवि शंकर के रूप में हुई है।

### अल्केमिस्ट एविएशन पर लगाई रोक



**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने एक प्रशिक्षु विमान दुर्घटना को देखते हुए 'आडिट' करने के बाद 'अल्केमिस्ट एविएशन' की मंजूरी निलंबित कर दी है। आडिट में पाया गया कि उड़ान प्रशिक्षण संगठन नियमों का अनुपालन नहीं कर रहा था।

### कन्नड़ अभिनेता दर्शन को बेल्लारी जेल भेजा गया



**बेंगलुरु।** कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को कड़ी सुरक्षा के बीच परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार से बेल्लारी जेल भेज दिया गया। वह रेणुकास्वामी हत्याकांड के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में हैं। दर्शन की एक तस्वीर रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी।

### मुफ्त भोजन योजना के लिए दान दिए 3.7 करोड़



**तिरुपति।** हैदराबाद के चार उद्यमियों ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के श्री वेंकटेश्वर अन्नप्रसादम ट्रस्ट को 3.7 करोड़ रुपए का दान दिया है। यह ट्रस्ट तीर्थयात्रियों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराता है।

## बारिश-सैलाब से हाहाकार, प्रधानमंत्री ने सीएम पटेल से की बात

# छह राज्यों में बारिश का कहर, गुजरात डूबा दिल्ली भी पानी-पानी, छत्तीसगढ़ में अलर्ट

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

*देश के छह राज्यों में बारिश का कहर जारी है। गुजरात में करीब 939 सड़कें बंद हैं। 238 तहसीलें भारी बारिश के चलते आई बाढ़ की चपेट में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से बात की और स्थिति का जायजा लिया। उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान भी बेहाल है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारी बारिश से गुरुवार को जगह-जगह जाम की स्थिति नजर आई। इधर, मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़, केरल, तटीय आंध्र प्रदेश, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।*

गुजरात के वडोदरा और राज्य के कुछ अन्य हिस्सों में अब भी नदियां उफान पर होने से वहां बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। अधिकारी राहत एवं बचाव अभियान जारी रखे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि गुजरात में पिछले तीन दिनों में बुधवार तक, बारिश से संबंधित घटनाओं में 28 लोगों की मौत हो गई है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) की अद्यतन जानकारी में बताया गया कि गुजरात के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से 18,000 से अधिक लोगों को स्थानांतरित किया गया है तथा लगभग 1,200 लोगों को बचाया गया है। सुरक्षाबलों ने कुछ लोगों को हेलीकॉप्टर के जरिए सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। हाल ही में हुई भारी बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित शहर वडोदरा में स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ क्योंकि विश्वामित्री नदी का जलस्तर सुबह 37 फुट से घटकर 32 फुट रह गया है। हालांकि, शहर के कई निचले शेष पेज 4 पर

| 03 | 28 | 18 | 12 |
|---|---|---|---|
| दिन बारिश से बहाल | की अब तक मौत | हजार को हटाया गया | सौ का किया रेस्क्यू |



### रिहायशी इलाकों में घुस रहे मगरमच्छ

गुजरात में बारिश और बाढ़ से इंसानों की तरह जानवर भी परेशान हैं। बाढ़ की वजह से जंगली जानवर रिहायशी इलाकों में घुस आए हैं।

### बारिश की स्थिति में सुधार पर कुछ हिस्सों में अब भी बाढ़ जैसी स्थिति



### सेना के जवान भी राहत-बचाव में जुटे

एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय तटरक्षक बल के साथ मिलकर राज्य के सबसे ज्यादा बाढ़ प्रभावित इलाके वडोदरा, द्वारका, जामनगर, राजकोट और कच्छ में राहत और बचाव कार्य संचालित कर रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ में कहीं मध्यम कहीं भारी बारिश की संभावना

पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक निम्न दाब का क्षेत्र बना हुआ है। प्रदेश में 30 अगस्त को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बस्तर संभाग के जिले और उससे लगे रायपुर और दुर्ग संभाग के जिले संभावित है। गहरा अवदाब के केंद्र, उदयपुर, डबोक, शिवपुरी, सीधी, अंबिकापुर, पुरी तक स्थित है।

### दिल्ली में रेंगते नजर आए वाहन

दिल्ली में रातभर हुई बारिश के कारण कई हिस्सों में जलभराव हो गया। इससे यातायात प्रभावित हुआ। न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से तीन डिग्री कम है। सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 100 प्रतिशत था।

# नक्सल ऑपरेशन पर निकले जवानों की बाइक दुर्घटनाग्रस्त एएसआई की मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

जिले के मिरतुर इलाके में बीती रात बाइक से नक्सल ऑपरेशन पर निकले डीआरजी जवानों की बाइक रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से डीआरजी के सहायक उप निरीक्षक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, बस्तर फाइटर का जवान घायल हो गया है। उनका उपचार मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में चल रहा है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर के डीआरजी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक तेलम चमरू (39) बुधवार की रात बाइक से सर्चिंग ड्यूटी पर मिरतुर इलाके में रवाना हुए थे। इसी दौरान ग्राम बेचापाल के पास बाइक की सड़क दुर्घटना होने से सहायक उप निरीक्षक तेलम चमरू व साथ में बैठे बस्तर फाइटर शेष पेज 4 पर

### शहीद जवान को दी श्रद्धांजलि

जवान के निधन पर क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी, कलेक्टर अनुराग पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर पार्थिव शरीर को कंधा देकर गृहग्राम के लिए रवाना किया।

सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

# नारायणपुर-कांकेर की सीमा पर मुठभेड़, मार गिराए तीन वर्दीधारी महिला नक्सली

*रि-इनफोर्स टीम द्वारा की जा रही इलाके में सर्चिंग परतापुर एरिया कमेटी व कंपनी नंबर 5 के माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया इनपुट के बाद ऑपरेशन लांच*



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर/नारायणपुर

नारायणपुर के माड़ में हुई मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने तीन वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया है। माड़ में परतापुर एरिया कमेटी व कम्पनी नम्बर 5 के माओवादियों की मौजूदगी की खूफिया इनपुट के बाद ऑपरेशन लांच किया गया था। मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग में तीन महिला माओवादियों के शव के अलावा भारी मात्रा में वैपन, विस्फोटक व नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। मारे गए माओवादी कम्पनी नम्बर पांच के मेंबर बताए जा रहे हैं। मौके से जवानों ने 303 रायफल, 315 बोर बंदूक सहित भारी मात्रा शेष पेज 4 पर

### मारे गए नक्सलियों में कंपनी नंबर पांच के मेंबर

आईजी ने बताया कि प्राथमिक तौर पर मारे गए सभी माओवादी कैडर की शिनाख्तगी उत्तर बस्तर डिविजन कमेटी तथा पीएलजीए कंपनी नंबर 5 के सदस्य के रूप में पहचान की गई है। शवों के विस्तृत शिनाख्तगी की कार्रवाई की जा रही है। डीआइजी कांकेर रेंज केएल ध्रुव ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान अन्य कई अन्य माओवादी के मारे जाने व घायल होने की संभावना को देखते हुए मुठभेड़ स्थल के आसपास क्षेत्र में अतिक्ति रि-इनफोर्स टीम द्वारा सर्चिंग की जा रही है। सर्चिंग पूर्ण होने पर विस्तृत जानकारी पृथक से जारी की जाएगी।

### मानसून अवधि में 26 नक्सली मार गिराए

आईजी ने बताया कि बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में मानसून अवधि में की जा रही नक्सल विरोधी अभियान के दौरान अब तक कुल 26 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। 212 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, वहीं 201 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है।

# पैरालंपिक

## सुमित और भाग्यश्री ने थामा भारत का तिरंगा

| | |
|---|---|
| 11 | दिन चलेगा टूर्नामेंट |
| 29 | अगस्त को हुआ आगाज |
| 08 | सितंबर को होगा समापन |
| 04 | हजार खिलाड़ी लेंगे भाग |
| 84 | खिलाड़ी भारत के शामिल |
| 19 | पदक भारत ने पिछले बार जीते |



**पेरिस।** भालाफेंक सितारे सुमित अंतिल और शॉटपुट खिलाड़ी भाग्यश्री जाधव ने चार घंटे तक चले पैरालंपिक खेल उद्घाटन समारोह में भारतीय दल की अगुवाई की। भारत ने पैरालंपिक खेलों के इतिहास में अपना सबसे बड़ा 179 सदस्यीय दल भेजा है जिसमें 12 खेलों के 84 खिलाड़ी शामिल है।

हलबोहा प्राथमिक शाला का हाल

# स्कूल में हेडमास्टर और दो टीचर, बच्चे एक भी नहीं

जितेंद्र गुप्ता ▸▸ पत्थलगांव




राज्य में शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण और स्कूलों का मर्ज किया जाना कितना जरूरी है। इसके लिए एक स्कूल का उदाहरण ही काफी है। शासकीय प्राथमिक शाला हलबोहा दीवानपुर में पहली से पांचवी कक्षा तक इस साल एक भी बच्चे ने एडमिशन नहीं लिया है। पहले से पढ़ रहे स्कूल के बच्चे भी अपनी शेष पेज 4 पर

अलग खबर

### स्कूल को दूसरे में मर्ज किया जाएगा : बीईओ

पत्थलगांव विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद पैकरा ने बताया कि प्रधान पाठक ने जीरो दर्ज संख्या का आवेदन दिया गया है। इस पर प्रधान पाठक को नोटिस जारी किया गया है। शेष पेज 4 पर

## रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन ने दिया बड़ा गिफ्ट

# जियो ग्राहकों के लिए 100 जीबी क्लाउड स्टोरेज मुफ्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कंपनी के एआई और क्लाउड प्ले खंड को विस्तार देते हुए गुरुवार को कहा कि रिलायंस जियो के ग्राहकों को 100 जीबी तक मुफ्त क्लाउड स्टोरेज मिलेगा। जियो ग्राहक इस क्लाउड स्टोरेज में अपने फोटो, वीडियो, दस्तावेज, डिजिटल सामग्री और डेटा को सुरक्षित रूप से स्टोर कर पाएंगे। अंबानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए शेष पेज 4 पर

### जियो फोनकॉल एआई सेवा पेश

इस मौके पर रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने जियो फोनकॉल एआई सेवा भी पेश की, जो उपयोगकर्ताओं को कोई भी कॉल जियो क्लाउड में रिकॉर्ड और स्टोर करने की सुविधा देती है। यह कॉल का सारांश भी दे सकती है और इसे दूसरी भाषा में भी अनुवाद कर सकती है।



### क्या होगा फायदा

जियो ने एआई क्लाउड सर्विस की घोषणा की है, जिसमें यूजर्स को फ्री में 100जीबी क्लाउड स्टोरेज ऑफर किया जा रहा है। जियो के एआई क्लाउड स्टोरेज में यूजर्स अपने फोटो, वीडियो, डॉक्यूमेंट्स आदि को स्टोर कर पाएंगे। कंपनी ने दावा किया है कि क्लाउड स्टोरेज में स्टोर की गई डिजिटल सामग्री पूरी तरह से सुरक्षित रहेगी।

### जियो दुनिया की सबसे बड़ी मोबाइल इंटरनेट कंपनी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा इंटरनेट बाजार है। जियो अपने 49 करोड़ ग्राहकों के साथ वैश्विक मोबाइल इंटरनेट कंपनी बन गई है। रिलायंस जियो के ग्राहक औसतन प्रति माह 30 जीबी से अधिक डेटा (इंटरनेट) का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा डेटा बाजार है।

### सड़क हादसे में भाई-बहन की मृत्यु, माता पिता गंभीर रूप से घायल

**गोंडा।** ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में बाइक के आने से भाई-बहन की मौत हो गई। बच्चों के माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मरौचा के निवासी आलोक सिंह अपनी पत्नी सुमन सिंह तथा बेटे शिवा (3) व बेटी आराध्या (18 माह) के साथ बाइक से कर्नलगंज थाना क्षेत्र के काशीपुर स्थित अपनी ससुराल आ रहे थे। कर्नलगंज-हुजूरपुर मार्ग पर गड़रियन पुरवा गांव के पास एक ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से वे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए।

## चिंतन

# कांग्रेसी सीएम का शीर्ष कोर्ट पर आक्षेप निंदनीय

सियासत में सुप्रीम कोर्ट को घसीटना उचित नहीं है। इससे न्याय के मंदिर की साख पर आंच आएगी। उच्चतम न्यायालय के किसी भी फैसले को राजनीतिक चश्मे से देखना राजनीतिक अपरिपक्वता है। जब इंसाफ के सभी द्वार बंद हो जाते हैं तो लोग सर्वोच्च अदालत की दर पर जाते हैं। देश के आवाम की आस्था सुप्रीम कोर्ट पर है, हमारे नेताओं को इस आस्था को बरकरार रखने में मदद करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के एक बयान पर उन्हें जमकर फटकार लगाई है। दिल्ली शराब नीति घोटाले में सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के. कविता को जमानत दे दी। कांग्रेसी सीएम रेवंत ने इसे बीआरएस और बीजेपी की डील बताया था। इस पर जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने रेवंत रेड्डी के वकील मुकुल रोहतगी से पूछा- 'क्या आपने अखबार में पढ़ा कि उन्होंने (रेवंत) क्या कहा? उसे पढ़िए।' कोर्ट ने कहा- सियासी लड़ाई में कोर्ट को घसीटना ठीक नहीं है। कोर्ट नेताओं से पूछकर फैसले नहीं सुनाती। ऐसे बयान लोगों के मन में आशंका पैदा करते हैं। सुप्रीम कोर्ट 2015 के कैश-फॉर-वोट घोटाले से जुड़े केस को भोपाल ट्रांसफर करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी भी एक आरोपी हैं। याचिका बीआरएस विधायक गुंटाकंडला जगदीश रेड्डी ने लगाई है। मई 2015 में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रेवंत रेड्डी को विधान परिषद चुनावों में टीडीपी उम्मीदवार को सपोर्ट करने के बदले 50 लाख की रिश्वत देते हुए गिरफ्तार किया था। रेवंत, तब तेलुगु देशम पार्टी में थे। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति घोटाले में 5 महीने से जेल में बंद के. कविता को 27 अगस्त को जमानत दे दी थी। कविता की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- महिलाओं के प्रति संवेदनशील रहें अदालतें। कांग्रेस नेता सीएम रवंत रेड्डी तेलंगाना की राजनीति कर सकते हैं, बीआरएस व भाजपा पर राजनीतिक आरोप लगा सकते हैं, लेकिन इन सब में सुप्रीम कोर्ट की छवि खराब करना एक सीएम को शोभा नहीं देता। सुप्रीम कोर्ट ने खुद ही कई बार कहा है कि उनके फैसले की समालोचना से उसे कोई ऐतराज नहीं है, लेकिन शीर्ष अदालत के फैसले के पीछे की नीयत पर शक करना एक संवैधानिक संस्था की प्रतिष्ठा को धूमिल करना है। देश में सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले से कई बार नजीर पेश की है, तो कई बाद देश को दिशा दी है। जो काम हमारी विधायिका नहीं कर सकी है, वह सुप्रीम अदालत ने किया है। सरकार किसी भी दल की रही हो, सुप्रीम कोर्ट ने हमेशा संविधान की रक्षा की है, न्याय की गरिमा की रक्षा की है। सुप्रीम कोर्ट के अनगिनत फैसले हैं, जिसने देश को नई दिशा दी है। कोई भी दल हो, कोई भी राजनेता हों, उन्हें सुप्रीम कोर्ट को लेकर अनर्गल टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। खासकर कांग्रेस नेता सीएम रेवंत रेड्डी को तो खुद शर्मसार होना चाहिए कि उन पर ही भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं, उन्हीं के मामले में सुनवाई हो रही है और वे खुद शीर्ष अदालत के फैसले को लेकर राजनीतिक आरोप लगा रहे हैं। सीएम रेवंत रेड्डी को अपने ऊपर लगे करप्शन के आरोपों पर शर्मिंदा होना चाहिए। कांग्रेस सरकार पर पूर्व में आदर्श, टूजी, कोल ब्लॉक, स्पेक्ट्रम, राष्ट्रमंडल खेल आदि अनेक घोटालों के आरोप आयद हो चुके हैं। देश के राजनेताओं व सरकार में आसीन नेताओं को अपनी राजनीति के लिए अदालत की निष्ठा पर आक्षेप नहीं लगाना चाहिए, यह निंदनीय है।

# महिला उत्पीड़न पर राष्ट्रपति की पीड़ा



**दो टूक**
डा. विशेष गुप्ता

राष्ट्रपति महोदया की महिला उत्पीड़न को लेकर यह पीड़ा अनायास ही नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की हालिया रिपोर्ट भी बताती है कि यहां 16 मिनट में एक यौन दुष्कर्म घटना होती है। साथ ही प्रत्येक घण्टे महिलाओं के विरुद्ध 50 अपराध घटित होते हैं। इनमें 10 फीसदी से भी अधिक यौन दुष्कर्म की घटनाएं 18 साल से कम उम्र के नाबालिगों के साथ घटित होती हैं। कहना न होगा कि आज देश व प्रदेशों के मुख्तलिफ हिस्सों में मासूम लड़कियों व महिलाओं के साथ घटने वाली यौन उत्पीड़न की वारदातों ने देश व समाज को झकझोर कर रख दिया है। लगता है कि निर्भया यौन उत्पीड़न की घटना के बाद समाज की सोच में कोई खास परिवर्तन नहीं आया है।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या पर राष्ट्रपति की पीड़ा ध्यान देने योग्य है। उन्होंने बहुत दर्द भरे शब्दों में कहा कि मैं निराश और भयभीत हूं। नौ अगस्त को कोलकाता में घटित इस दर्दनाक घटना के बाद उनका यह पहला बयान है। उन्होंने स्पष्ट लिखा कि कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों पर इस तरह के अत्याचार की अनुमति नहीं देता। देश के साथ-साथ उन्होंने भी आक्रोशित होते हुए कहा कि जिस समय छात्र, डॉक्टर और नागरिक कोलकाता में प्रदर्शन कर रहे थे, ऐसे समय में भी ऐसे अपराधी अन्यत्र शिकार की तलाश में घात लगाए हुए थे। उन्होंने दिसम्बर 2012 में दिल्ली में निर्भया के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की चर्चा करते हुए कहा कि कुछ बच्चों ने मुझसे बड़ी मासूमियत से इस घटना के बारे में पूछा, मगर क्या उन्हें ऐसी घटना आगे घटित न होने का भरोसा दिया जा सकता है। निश्चित ही इस समय महिला उत्पीड़न के मुद्दे पर समाज को ईमानदार और निष्पक्ष रहकर आत्म मूल्यांकन करने की आवश्यकता है।

राष्ट्रपति महोदया के बयान के आलोक में यदि महिला उत्पीड़न से जुड़ी घटनाओं का मूल्यांकन करें तो ज्ञात होता है कि अभी हाल ही में कोलकाता में डॉक्टर से किए गए यौन व्यभिचार से देशभर में फैले आक्रोश और प्रदर्शनों के बीच विधायिका की एक बदरंग तस्वीर भी सामने आई है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स, एडीआर की ओर से जारी हालिया रिपोर्ट में 16 वर्तमान सांसदों और 135 विधायकों पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध में मुकदमें दर्ज हैं। इतना ही नहीं, बल्कि दो सांसदों और 14 विधायकों पर दुष्कर्म के मामले चल रहे हैं। खास बात यह है कि बंगाल के सबसे अधिक जनप्रतिनिधि ऐसे मामलों का सामना कर रहे हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रपति महोदया की महिला उत्पीड़न को लेकर यह पीड़ा अनायास ही नहीं है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की हालिया रिपोर्ट भी बताती है कि यहां 16 मिनट में एक यौन दुष्कर्म घटना होती है। साथ ही प्रत्येक घण्टे महिलाओं के विरुद्ध 50 अपराध घटित होते हैं। इनमें 10 फीसदी से भी अधिक यौन दुष्कर्म की घटनाएं 18 साल से कम उम्र के नाबालिगों के साथ घटित होती हैं। कहना न होगा कि आज देश व प्रदेशों के मुख्तलिफ हिस्सों में मासूम लड़कियों व महिलाओं के साथ घटने वाली यौन उत्पीड़न की वारदातों ने देश व समाज को झकझोर कर रख दिया है। लगता है कि निर्भया यौन उत्पीड़न की घटना के बाद समाज की सोच में कोई खास परिवर्तन नहीं आया है। देश में ऐसी घटनाओं को रोकने के सभी उपाय भी निष्फल हो रहे हैं। यौन उत्पीड़न की अधिकांश घटनाएं आज कानूनविदों व समाजशास्त्रियों को नए सिरे से सोचने को मजबूर कर रही हैं। इस संदर्भ से जुड़े कुछ और आंकड़े खुलासा करते हैं कि भारत में यौन उत्पीड़न के मामले में लगभग 93 फीसदी दोषी पीड़िता के ही परिचित होते हैं। इन आंकड़ों की तकलीफदेय तस्वीर यह है कि 31 फीसदी यौन हिंसा व छेड़खानी में पीड़ित लड़कियों की उम्र 14 साल से भी कम रही।

दरअसल, मामला चाहे महिला छेड़छाड़ का हो



अथवा यौन हिंसा का, इन सभी घटनाओं को अब किसी एक सामाजिक पैमाने से नहीं मापा जा सकता। आज इसके गहन अध्ययन के लिए एक बहुआयामी वस्तुनिष्ठ उपागम की जरूरत महसूस की जा रही है। लेकिन फिर भी लगातार बढ़ती यौन हिंसाओं की इन घटनाओं पर कम से कम एक हालिया समाज-मनोवैज्ञानिक दृष्टिपात जरूरी हो जाता है। इसमें कोई शक नहीं कि सूचना तकनीक ने आज की दुनिया में एक खलबली मचा दी है। गांवों से लेकर महानगरों तक मोबाइल व इंटरनेट ने बच्चों, युवाओं व महिलाओं के बीच अपना पूरा दखल बना लिया है। असल स्थिति यह है कि आप सड़क के किनारे तक से दस-बीस रुपयों का इंटरनेट सिम खरीदकर पूरी दुनिया की सैर कर सकते हैं। यहां तक कि पोर्न साहित्य तक भी इन्हीं सिम में कैद है।

संयुक्त परिवार के टूटने और छोटे परिवारों में मां-बाप और बच्चों के बीच बढ़ती दूरी व संवादहीनता ने टीनेजर्स के बीच सोशल मीडिया के रूप में संवाद का एक नया नेटीजन पीयर ग्रुप पैदा कर दिया है। ध्यान रहे कि यह नेटीजन समूह ही उनके हर तरीके के सुख-दुख में पूरी तरह हमसाज है। मां-बाप को इस सच्चाई को समझने की फुर्सत ही नहीं है कि पोर्न उनके बच्चों के बेडरूम तक पहुंच गया है। सच तो यह है कि पोर्न का प्रभाव ही यौन संबंधों के ढांचे को नई यौन प्रयोगशाला में रूपान्तरित कर रहा है। बढ़ते यौन आवेग के पीछे कहीं न कहीं इस मुद्दे को भी समाहित करना समीचीन होगा। दूसरी ओर, इस संदर्भ में यह भी देखने में आ रहा है कि आज सबसे अधिक हिंसा उन लड़के-लड़कियों पर हो रही है जो या तो वे घर से बाहर रह रहे हैं अथवा वे समाज के कमजोर सामाजिक-आर्थिक वर्ग से आते हैं।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि निर्भया काण्ड के पश्चात बलात्कार के दोषियों के प्रति कानून की सख्ती हुई है। मगर इसके बाद भी बालिग के साथ कहीं-कहीं नाबालिग अपराधी तक अब बलात्कार के बाद पीड़िता की हत्या करके सबूत मिटाने पर आमादा हैं। सबसे दुखद तो यह है कि यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों में राजनीति और कानून से जुड़े पुरोधाओं के गैरजिम्मेदाराना बयानों ने भी इन व्यभिचारियों के हौसले बुलंद किए हुए हैं। कड़वा सच यह है कि यौन दुष्कृत्यों से जुड़ी इन सभी घटनाओं के पीछे छिपा वह सामाजिक-सांस्कृतिक वातावरण भी है जिसे हमने अपनी खुली बाजारु अर्थव्यवस्था तथा जाति व धर्म पर आधारित सामाजिक वैमनस्य और दबंगई राजनीति से तैयार किया है। विचारहीन व्यवहार से जुड़ी इस संक्रमित संस्कृति में आज सामाजिक संवेदना, दूसरे के प्रति सम्मान, करुणा व सहानुभूति जैसे मूल्यों के साथ में बहन व बेटी जैसे रिश्तों के सम्मान की कोई जगह बची नहीं है। ऐसे में विषैली मानसिकता का प्रस्फुटित होना स्वभाविक ही है। इसलिए हमें समय रहते उन सामाजिक व मनोवैज्ञानिक दशाओं का विश्लेषण भी करना चाहिए जो लोगों को बलात्कारी बनाती हैं। साथ ही स्त्री व पुरूष देह से जुड़ी उन सामाजिक मान्यताओं और पुलिस कानून की कमजोर व्यवस्थाओं का भी मूल्यांकन करना पड़ेगा, जो आज खुद बलात्कारी की रक्षक बनकर न्याय का गला घोंट रही हैं। साथ ही एक स्वस्थ व स्त्री सशक्तता से जुड़े समाज की पुनः स्थापना भी करनी होगी, तभी महिला की देह को सुरक्षा कवच मिल पाएगा।

कहना न होगा कि देश में प्रत्येक नारी के सम्मान के साथ-साथ करुणा व दया भाव से जुड़े मूल्यों को आत्मसात करके और व्यवहार में उनका प्रदर्शन करके ऐसी यौन दुष्प्रवृतियों पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। इसलिए समय रहते हमें राष्ट्रपति महोदया की सामयिक पीड़ा को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

(लेखक निवर्तमान अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

**महिला अपराध**
डा. ज्योत्सना शर्मा



# कब तक होते रहेंगे जुल्म

समय-समय पर देशभर से महिलाओं के साथ होने वाले जघन्य अपराधों की खबरें आती रहती हैं। दिन प्रतिदिन स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि हम अपने संस्कार, संवेदनशीलता और मूल्यों की हत्या करके मानव विकास की अंधी दौड़ में बहुत आगे निकल गए हैं, तभी तो आज इंसान -इंसान में फर्क करना मुश्किल हो गया है। कोई किसी पर भरोसा करने से कतराता है। मदद के लिए अपना हाथ आगे नहीं बढ़ाते। धैर्य के बांध टूट गए हैं। सारे संसार में अलग-अलग देशों में युद्ध की भयावह स्थितियों ने प्रकृति को नष्ट कर दिया है, जिसका खामियाजा आने वाली तमाम पुश्तें भुगतेंगी। यतीम बच्चे, बेवा, दिव्यांग और बुजुर्ग कहां अपनी जमीन तलाशें। क्या कोई ऐसी शिक्षा है जो इंसान को इंसान बनने की शिक्षा दे सके? ऐसी शिक्षा जो नैतिकता की बात करे?

ऐसी शिक्षा जो शांति, सौहार्द और भाईचारे की बात करे? हाल ही में देश के दो अहम राज्यों महाराष्ट्र और बंगाल से घिनौनी करतूत के परिणाम सारे देश के सामने आए। किस मजहब में स्त्री की अस्मत से खिलवाड़ करना सिखाया गया। किसने यह इजाजत दी कि किसी भी स्त्री की अस्मिता को तार-तार करने का हक पुरुषों को है। यहां तक कि मासूम बच्चियों तक को अपनी हवस का शिकार बनाने का दुस्साहस कर रहे हैं। क्या यही पौरुष शेष है। सदियों से महिलाओं को शिक्षा से वंचित रखा गया। उनके अधिकारों से वंचित रखा गया और तो और उन्हें कम उम्र में विवाह के बाद जनसंख्या बढ़ाने की मशीन तक बना डाला। समाज में कैसी मानसिकता का विकास होता जा रहा है कि संभ्रांत परिवारों में भी महिलाओं की स्थिति दोयम दर्जे की रही। कभी घरेलू हिंसा की शिकार होती हैं, कभी यौन उत्पीड़न, कभी दहेज के लिए हत्या, कभी डायन करार देना, कभी बांझ होने का दंश और कभी पुत्र चाह में लगातार गर्भपात। कितनी ही महिलाएं हर दिन अपनी जान गंवा देती हैं। आखिर किस प्रकार के समाज को सभ्य समाज कहते हैं जो आज तक इतनी भी समझ विकसित नहीं हुई कि एक महिला भी महिला होने से पहले इंसान है। हमारी शिक्षा व्यवस्था पूर्ण रूप से असफल है क्योंकि हम बच्चों में चारित्रिक गुणों का विकास करने में बुरी तरह से असफल रहे हैं। अफसोस की बात है कि इस प्रकार की घटनाओं की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। मात्र मोमबती जलाकर अपना विरोध दर्ज करना क्या काफी है या जगह-जगह तोड़-फोड़ करना किसी नतीजे पर पहुंचने में मददगार है। यह अति गंभीर और संवेदनशील विषय है कि विकास और सभ्यता की सीढ़ी चढ़ता समाज हिंसा और घृणा में लिप्त होता जा रहा है।

नृशंस हत्याएं करने से बाज नहीं आ रहा। ऐसी सभी स्थितियों में महिलाओं के हिस्से सिर्फ़ शोषण आया है। क्या इसे कुंठित और मनोरोग से ग्रस्त मानसिकता का पर्याय कहना ज्यादा उचित प्रतीत नहीं होता। मनुष्य स्व केंद्रित होता जा रहा है। लोभ, ईर्ष्या, कुत्सित विचारों ने बुद्धि को ऐसा हर लिया है कि अब मनुष्य का पतन निश्चित है। मनुष्यत्व विलुप्त होता जा रहा है। क्या माता-पिता अपने बच्चों को ऊंची शिक्षा प्राप्त करने हेतु भविष्य में अकेले भेजने से कतराएंगे? लड़कियां अपने पहनावे में कुछ बदलाव करें। इतनी रात को ऑफिस से क्यों लौटी, यही होगा। इस प्रकार की अनाप-शनाप बयानबाजी बहुत हो चुकी। महिलाओं को अपने फैसले स्वयं लेने होंगे। किसी पर निर्भर रहने से अच्छा है कि आत्मनिर्भर बनें।

अपने हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हों। कम उम्र की बच्चियों को लगातार परामर्श दिए जाएं जिससे वह अपने आसपास के स्थान और वातावरण से परिचित हो सकें। दुर्गा वाहिनी जैसी कार्यशालाएं संचालित हों। दिल्ली पुलिस द्वारा समय-समय पर स्व रक्षा अभियान चलाया गया था जो काबिले तारीफ रहा। इस प्रकार के अभियान और कार्यशालाएं लगातार स्कूलों में संचालित की जानी चाहिए। जिस दिन कोई भी बच्ची अपनी 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करके इस भरे-पूरे संसार में पैर रखे, उस दिन वह बिना किसी हथियार भी अपनी रक्षा करने में समर्थ हो। ऐसा लक्ष्य सभी माता-पिता निर्धारित करें। अध्यापक अपने छात्र-छात्राओं से खुलकर उनकी समस्याओं पर बात करें। माता-पिता अपने पुत्र और पुत्री को एक समान शिक्षा-दीक्षा दें और मित्रवत व्यवहार रखें। नागरिक अपना कर्तव्य समझते हुए स्थानीय पुलिस थानों में जाकर पुलिस को अवगत करायें की अमुक स्थान सुनसान है और कहां प्रकाश की व्यवस्था की जानी अपेक्षित है। अब समय आ चुका है जब सरकार को सख्त कानून बनाने होंगे और अदालतों को इस प्रकार के जघन्य अपराध करने वालों के खिलाफ बड़े फैसले लेने होंगे, तभी हम महिलाओं को सुरक्षित जीवन प्रदान कर पाएंगे जो उनका हक है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित
**दर्शन**

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

## हृदय से जो जाओगे सबल समझूंगा तोहे



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार सूरदास जी चलते-चलते मार्ग में एक गहरे गढ्ढे में गिर गए और निकलने के सारे प्रयास असफल हो गये। अपने कान्हा को ही पुकारने लगे, एक भक्त अपने जीवन में विपत्ति काल में प्रभु को ही तो पुकारता है। जैसे ही सूरदास जी ने कान्हा को याद किया, प्रभु भी उसकी पुकार सुने बिना नहीं रह पाए! सच है जब एक भक्त दिल से पुकारता है तो यह टीस प्रभु के दिल में भी उठा करती है। उसी समय एक बाल गोपाल के रूप में वहाँ प्रकट हो गए, और प्रभु के पांव की नन्ही-नन्ही सी पैजनिया की छन-छन की आवाज सुनते ही सूरदास जी को समझते देर न लगी। कान्हा उनके समीप आये और बोले अरे बाबा नीचे क्या कर रहे हो, लो मेरा हाथ पकड़ो और जल्दी से ऊपर चले आओ। जैसे ही सूरदास जी ने इतनी प्यारी सी मिश्री सी घुली हुई वाणी सुनी तो जान गए की मेरा कान्हा आ गया, और बहुत प्रसन्न हो गए, और कहने लगे की अच्छा कान्हा, बाल गोपाल के रूप में आ गए, कन्हाई तुम आ ही गए न? बाल गोपाल कहने लगे अरे कौन कान्हा ? किसका नाम लेते जा रहे हो,जल्दी से हाथ पकड़ो और ऊपर आ जाओ, ज्यादा बातें न बनाओ। सूरदास जी मुस्कुरा पड़े और कहने लगेः सच में कान्हा तेरी बांसुरी के भीतर भी वो मधुरता नहीं, माना कि तेरी बांसुरी सारे संसार को नचा दिया करती है लेकिन तेरे भक्तों का दुःख तुझे नचा देता है। क्यों कान्हा सच है न? तभी तो तू दौड़ा चला आया। जैसे ही उन्होंने इतना कहा सूरदास जी ने झट से कान्हा का हाथ पकड़ लिया और उस मंगलमय ब्रह्मसंस्पर्श से वे रोमांचित हो उठे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए

देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश की आर्थिक व्यवस्था की मजबूती के लिए देश में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देना जरूरी माना था। देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए जब जवाहरलाल नेहरू के समक्ष तीन प्रस्ताव पेश किए गए, जिनमें मुख्यत: पहला गांधीवादी विचारधारा का, दूसरा एमएन राय का, और तीसरा देश के मुख्य पूंजीपतियों की विचारधारा का था, तो जवाहरलाल नेहरू ने देश के उस समय के सबसे बड़े उद्योगपतियों टाटा-बिड़ला के प्लान को ही स्वीकार किया था। देश के विकास में उद्योग जगत की भूमिका हमेशा रही है। नेहरू यह मानते थे कि उद्योगों को बढ़ावा देने से ही देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत हो सकती है। इसलिए आज भी जरूरत है कि उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए। *- निर्मल सोनी, बलौदा बाजार*

## ट्रेंड

### हार्दिक शुभकामनाएं



भारतीय टीम को पेरिस पैरालंपिक के लिए हार्दिक शुभकामनाएं! मेरा दृढ़ विश्वास है कि वे रास्ते में आने वाली हर चुनौती को पार करते हुए, भारत की असली ताकत साबित करेंगे। राष्ट्र उनके लिए जयकार करता है! **-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### बधाई हो



बधाई हो, केंद्रीय गृह मंत्री!! आपका बेटा राजनेता नहीं बना है, लेकिन आईसीसी चेयरमैन बन गया है - यह पद अधिकांश राजनेताओं से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है!! आपका बेटा वास्तव में बहुत शक्तिशाली हो गया है और मैं आपको उसकी इस सर्वोच्च उपलब्धि पर बधाई देती हूं!
**-ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

### खेल की शक्ति



खेल हमें टीम वर्क, लचीलापन और सौहार्द के मूल्य सिखाते हैं। जीवन को बदलने और उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने की खेल की शक्ति का जश्न मनाने में हमारे साथ शामिल हों।
**-सचिन तेंदुलकर, पूर्व क्रिकेटर**

### महिलाओं के खिलाफ हिंसा



इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि बलात्कार और मनोरंजन के लिए महिलाओं के खिलाफ हिंसा, इस पितृसत्तात्मक राष्ट्र के मानस में इतनी गहरी जड़ें जमा चुकी है कि इसका इस्तेमाल लापरवाही से चिढ़ाने के लिए किया जाता है।
**- कंगना रनौत, अभिनेत्री व सांसद**

## करंट अफेयर

# भारत का रुख अमेरिका के साथ सहयोग वाला



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एच आर मैकमास्टर ने अपनी नई पुस्तक में दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार मुख्य रूप से चीनी आक्रामकता के कारण अमेरिका के साथ 'अभूतपूर्व' सहयोग करने की इच्छुक है, लेकिन साथ ही वह 'फंसने और त्यागे जाने' को लेकर भी 'भयभीत' है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) के रूप में अपने कार्यकाल का विवरण देते हुए मैकमास्टर ने अपनी पुस्तक 'ऐट वॉर विद अवरसेल्व्स' में लिखा है कि ट्रंप द्वारा बर्खास्त किए जाने से एक दिन पहले उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष अजीत के. डोभाल से मुलाकात की थी। यह पुस्तक मंगलवार से दुकानों पर उपलब्ध हो गई है। मैकमास्टर ने कहा, 'बर्खास्त किए जाने से एक दिन पहले मैं अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल से क्वार्टर 13, फोर्ट मैकनेयर में रात्रि भोज के लिए मिला था। यह यूएस कैपिटल के दक्षिण में एनाकोस्टिया और पोटोमैक नदियों के संगम पर स्थित एक शांत जगह है। डोभाल एक ऐसे व्यक्ति हैं जो अपने पद के अनुरूप व्यवहार करते हैं।'

## ऑफ बीट

# माइक्रोप्लास्टिक हमारे दिमाग में हैं, बढ़ी चिंता



प्लास्टिक हमारे कपड़ों, कारों, मोबाइल फोन, पानी की बोतलों और खाद्य कंटेनरों में है। लेकिन हाल के शोध से हमारे स्वास्थ्य पर प्लास्टिक के छोटे टुकड़ों के प्रभाव के बारे में पहले से मौजूद चिंताएँ और बढ़ गई हैं। अमेरिका के एक अध्ययन में पहली बार मानव मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक पाया गया है। अध्ययन, जिसे अभी तक अन्य वैज्ञानिकों द्वारा स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया गया है, को मीडिया में डरावना, चौंकाने वाला और चिंताजनक बताया गया है। हम अक्सर प्लास्टिक की वस्तुओं को अविनाशी मानते हैं। लेकिन प्लास्टिक छोटे-छोटे कणों में टूट जाता है। परिभाषाएँ अलग-अलग होती हैं लेकिन आम तौर पर माइक्रोप्लास्टिक पाँच मिलीमीटर से छोटे होते हैं। इससे कुछ चीजें इतनी छोटी हो जाती हैं कि उन्हें नग्न आंखों से देखा नहीं जा सकता। इसलिए, माइक्रोप्लास्टिक्स के बारे में लेखों को चित्रित करने के लिए मीडिया द्वारा उपयोग की जाने वाली कई छवियां भ्रामक हैं, क्योंकि कुछ बहुत बड़े, स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले टुकड़े दिखाती हैं। पीने के पानी और रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों के कई स्रोतों में माइक्रोप्लास्टिक होने की सूचना मिली है। इसका मतलब है कि हम अपने आहार के जरिए लगातार उनके संपर्क में रहते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## शेयरधारकों की 47वीं सालाना आम बैठक में बोले

# रिलायंस का अल्पकालिक लाभ की जगह देश के लिए धन सृजन पर ध्यान: मुकेश अंबानी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनका तेल से लेकर दूरसंचार तक का कारोबार करने वाला समूह अल्पकालिक लाभ कमाने और संपत्ति जमा करने के कारोबार में नहीं है, बल्कि उसका ध्यान देश के लिए धन सृजन पर है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल) के शेयरधारकों की 47वीं सालाना आम बैठक में उन्होंने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सभी कारोबार भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाले प्रमुख चालक बने हुए हैं और सफलता की गाथा बन गए हैं।

### हम देश के लिए धनसृजन के व्यवसाय में

अंबानी ने कहा, 'हम अल्पकालिक लाभ कमाने तथा धन संचय करने के व्यवसाय में नहीं हैं। हम भारत के लिए धन सृजन के व्यवसाय में हैं। हम उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद व सेवाएं प्रदान करने के कारोबार में हैं जो भारतीय उपभोक्ताओं के लिए दक्षता, उत्पादकता और जीवन को आसान बनाते हैं।'

### एआई को बताया सबसे बड़ा परिवर्तनकारी घटक



*मानव जाति के विकास में एआई को संभवतः सबसे बड़ा परिवर्तनकारी घटक बताते हुए अंबानी ने कहा कि इसने लोगों के समक्ष आने वाली अनेक जटिल समस्याओं के समाधान के अवसर खोले हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि साथ ही वैश्विक स्तर पर जारी संघर्ष वैश्विक शांति, स्थिरता और यहां तक कि राष्ट्रों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए भी खतरा उत्पन्न कर रहे हैं।*

- हम उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद व सेवाएं प्रदान करने के कारोबार में
- रिलायंस 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने पर विचार कर रहा
- कंपनी ने शोध व विकास पर 3,643 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए

**5 सितंबर को बोनस शेयर पर विचार**

*रिलायंस का लक्ष्य देश को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करना तथा भावी पीढ़ियों के लिए विश्व को अधिक स्वच्छ तथा हरित बनाना है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अंबानी ने कहा कि कंपनी का निदेशक मंडल पांच सितंबर को 1:1 के अनुपात में 'बोनस शेयर' जारी करने पर विचार करने के लिए बैठक करेगा।*



### शेयरधारकों को देते हैं अच्छा ईनाम

अंबानी ने कहा, "जब रिलायंस बढ़ता है, तो हम अपने शेयरधारकों को अच्छा इनाम देते हैं।" उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण को रणनीतिक रूप से अपनाने से रिलायंस निकट भविष्य में दुनिया की शीर्ष-30 कंपनियों में अपना स्थान सुरक्षित कर लेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य अतीत की तुलना में कहीं अधिक उज्ज्वल है।

### इस साल सौर उपकरण कारखाना शुरू करेगी अंबानी

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि कंपनी हरित ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इस साल अपना पहला सौर उपकरण बनाने का कारखाना चालू करने की योजना बना रही है। सौर गीगा फैक्टरी यानी बड़े कारखाने में एक ही स्थान पर पीवी मॉड्यूल, सेल, वेफर और इनगॉट, पॉलीसिलिकॉन और ग्लास का निर्माण शामिल होगा।

### रिलायंस ने 2023-24 में 1.7 लाख नई नौकरियां दीं

अंबानी ने कंपनी में नौकरियों में कटौती की खबरों को भ्रामक बताते हुए कहा कि समूह ने पिछले वित्त वर्ष में 1.7 लाख लोगों को रोजगार दिये हैं। इसके साथ ही कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 6.5 लाख से ज्यादा हो गई है। उल्लेखनीय है कि बीते वित्त वर्ष 2023-24 की कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में कर्मचारियों की संख्या में खासी कमी आने की बात कही गयी थी।



## सेबी को एफएंडओ पर 6000 हितधारकों के सुझाव मिले

**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक को वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) कारोबार पर जारी परामर्श पत्र पर करीब 6,000 हितधारकों से सुझाव मिले हैं।

सेबी ने जुलाई में जारी अपने परामर्श पत्र में सात उपायों का प्रस्ताव दिया था। इनमें न्यूनतम अनुबंध आकार में वृद्धि व विकल्प प्रीमियम का अग्रिम संग्रह, स्थिति सीमाओं की 'इंट्रा-डे' निगरानी, ' स्ट्राइक' कीमतों का युक्तिकरण, अंतिम दिन (एक्सपायरी डे) पर 'कैलेंडर स्प्रेड' लाभ को हटाना और निकट अनुबंध समाप्ति मुनाफे में वृद्धि शामिल है।

**ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 में बोली बुच :** इन उपायों का उद्देश्य निवेशकों की सुरक्षा बढ़ाना तथा 'डेरिवेटिव' बाजारों में बाजार स्थिरता को बढ़ावा देना है।

# अदाणी एंटरप्राइजेज ने एनसीडी से जुटाए 800 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने बृहस्पतिवार को 800 करोड़ रुपये तक जुटाने के लिए सुरक्षित गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) की सार्वजनिक पेशकश की घोषणा की।

कंपनी ने एनसीडी की पेशकश के दौरान कहा कि यह निर्गम चार सितंबर को खुलेगा और 17 सितंबर को बंद होगा। इसमें समय से पहले बंद करने या विस्तार का विकल्प भी होगा। अदाणी एंटरप्राइजेज के प्रस्तावित एनसीडी को केयर रेटिंग्स लिमिटेड ने 'केयर ए+ सकारात्मक' रेटिंग दी है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि एईएल की इस पेशकश में 80 लाख एनसीडी शामिल होंगे, जिनमें से प्रत्येक का अंकित मूल्य 1,000 रुपये होगा। आधार आकार का निर्गम 400 करोड़ रुपये का है, जिसमें अतिरिक्त 400 करोड़ रुपये (ग्रीनशू विकल्प) तक अतिरिक्त अभिदान का विकल्प भी है।




- निर्गम 4 सितंबर को खुलेगा व 17 सितंबर को बंद होगा
- इसमें समय से पहले बंद करने या विस्तार का विकल्प भी होगा

### राशि का उपयोग कॉरपोरेट उद्देश्य के लिए

इस तरह इस निर्गम का कुल आकार 800 करोड़ रुपये है। अदाणी एंटरप्राइजेज ने कहा कि इस निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग सेबी मानकों के अनुरूप मुख्य रूप से मौजूदा ऋण के पूर्ण या आंशिक रूप से पूर्व भुगतान या पुनर्भुगतान (कम से कम 75 प्रतिशत) और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों (25 प्रतिशत तक) के लिए किया जाएगा।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में शाखा खोली

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने उच्चतम न्यायालय परिसर में बृहस्पतिवार को एक शाखा खोली ताकि न्यायालय तथा उसके घटकों की वित्तीय जरूरतें पूरी की जा सकें। शाखा का उद्घाटन भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने उच्चतम न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में किया। इस मौके पर मौजूद वित्तीय सेवा सचिव एम. नागराजू ने बैंक की इस पहल की सराहना की।




# अंबानी को पीछे छोड़ गौतम अदाणी फिर बने सबसे अमीर भारतीय

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के झटकों से पूरी तरह उबरते हुए एक बार फिर देश के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। बृहस्पतिवार को जारी एक सूची में अदाणी को शीर्ष स्थान मिला है।

हुरुन इंडिया की 2024 के लिए अमीर लोगों की सूची में अदाणी 11.6 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय हैं। पिछले साल की तुलना में उनकी संपत्ति में 95 प्रतिशत का तगड़ा उछाल आया है।

- पिछले साल की तुलना में अदाणी की संपत्ति में 95 फीसदी का उछाल
- हुरुन इंडिया की 2024 की सूची में अदाणी की संपत्ति 11.6 लाख करोड़

### अंबानी सूची में दूसरे स्थान पर

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। पिछले साल की तुलना में अंबानी की शुद्ध संपत्ति 25 प्रतिशत उछलकर 10.14 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वर्ष 2023 की हुरुन इंडिया सूची में अदाणी की संपत्ति 57 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 4.74 लाख करोड़ रुपये रह गई थी।

### सीरम के पूनावाला चौथे स्थान पर

वहीं सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के साइरस पूनावाला 2024 में 2.89 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर आ गए। सन फार्मास्युटिकल्स के दिलीप सांघवी ने सूची में एक स्थान का सुधार करते हुए 2.50 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए।





### शिव नादर तीसरे सबसे अमीर भारतीय बने

हुरुन ने वर्ष 2014 के संस्करण में अदाणी को पहली बार देश के सर्वाधिक 10 अमीर लोगों की सूची में रखा था। उस बार वह 44,000 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सूची में 10वें स्थान पर रहे थे। एचसीएल के शिव नादर और उनका परिवार 3.14 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध संपत्ति के साथ तीसरे सबसे अमीर भारतीय बन गए।

### जोहो की राधा वेम्बू महिलाओं में शीर्ष पर

जोहो की राधा वेम्बू 47,500 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ अपने दम पर अमीर बनी महिलाओं में शीर्ष स्थान पर हैं जबकि जेप्टो के सह-संस्थापक कैवल्य वोहरा और आदित पालिचा क्रमशः 3,600 करोड़ रुपये और 4,300 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सूची में सबसे कम उम्र के अमीर हैं।

### सूची में 1000 करोड़ से अधिक संपत्ति वाले शामिल

इस सूची में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति वाले भारतीयों को शामिल किया गया है। पिछसे साल की तुलना में इस सूची में 220 व्यक्तियों की बढ़ोतरी होकर कुल संख्या 1,539 हो गई। इस वर्ष इन अमीर लोगों की कुल संपत्ति में 46 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।




# सुमीत में 'तीज फेस्ट ऑफर' के अंतिम दो दिन शेष

**रायपुर।** हरतालिका तीज महिलाओं के लिए खास होता हैं। इस अवसर पर सुमीत बाजार की साड़ियां आपको एक शानदार और एथनिक लुक प्रदान करेंगी। यहां डिजाइनर साड़ियां, हरे रंग की कांजीवरम, बनारसी साड़ी, शिफॉन और जॉर्जेट फैब्रिक की लाइट वेट साड़ियों की लेटेस्ट वैराइटी उपलब्ध है। प्रदेश के सबसे बड़े रिटेल चेन स्टोर्स में उपलब्ध इस खास तीज फेस्टिवल ऑफर का फायदा उठाने का आखिरी मौका है। इस ऑफर को लोगों से शानदार रिस्पांस मिल रहा है। ऑफर के तहत 3499 रुपए की साड़ी की खरीदारी पर 899 रुपए की साड़ी केवल 78 रुपए में मिल रही है। यह ऑफर सुमीत बाजार के सभी स्टोर्स में 31 अगस्त तक वैध है। सुमीत बाजार में फैंसी और डिजाइनर साड़ियां, सलवार सूट, सूटपीस, मेंस वियर, किड्स वियर, टींस वियर, सूटिंग व शर्टिंग और होम फर्निशिंग आइटम्स की पूरी रेंज उपलब्ध है।



# संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन और आईआईएम का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर।** आईआईएम रायपुर में संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन और सक्षम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक निशुल्क कैंसर चेकअप, थर्मल स्तन कैंसर स्क्रीनिंग, कैंसर परामर्श एवं जागरूकता महाशिविर का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का संचालन आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रोफेसर रामकुमार काकानी के मार्गदर्शन में किया गया। इस शिविर में डीन (एक्सटर्नल रिलेशन) प्रोफेसर सत्यशिबा दास और सक्षम के चेयरपर्सन प्रोफेसर आशापूर्णा बरुआ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन से सीनियर कैंसर सर्जन डॉ. अर्पण चतुर्मोहता, सीनियर मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ राकेश कुमार मिश्रा और पेन एवं पैलिएटिव मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ अविनाश तिवारी सहित अन्य मेडिकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान की। महिला विद्यार्थियों और स्टाफ के लिए थर्मल मशीन द्वारा स्तन कैंसर स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे कई लोगों ने लाभ उठाया। जागरूकता सत्र में कैंसर विशेषज्ञों ने विभिन्न प्रकार के कैंसर, उनके लक्षण, और बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। डॉ अर्पण चतुर्मोहता ने तंबाकू के दुष्प्रभावों और कैंसर के कारकों पर चर्चा की, जबकि डॉ राकेश मिश्रा ने एचपीवी वैक्सीनेशन के महत्व को समझाया। डॉ अविनाश तिवारी ने स्ट्रेस और डिप्रेशन के लक्षणों को पहचानने और उनसे बचाव के उपायों पर जानकारी दी।




## आधिपत्य सूचना

**HDFC BANK**

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**

**शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर**

Tel: 0771-4243149/240 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

जबकि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी), प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('उक्त अधिनियम') और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किए गए। उक्त अधिनियम के तहत, निम्नलिखित उधारकर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों से आव्हान किया गया है कि वे अपने संबंधित नामों के सामने उल्लेखित राशि का भुगतान उक्त नोटिस में उल्लेखित लागू दरों पर ब्याज सहित करें। उक्त नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिन, आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान और/या वसूली की तारीख तक।

| क्रं. | ऋणी (ओं) के नाम / कानूनी वारिस (ओं) एवं कानूनी प्रतिनिधि (यों) | बकाया राशि* | मांग सूचना की दिनांक | आधिपत्य दिनांक | अचल संपत्ति (यों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | **श्रीमती आईशा मोहनन**, अपनी कानूनी/प्राकृतिक अभिभावक माता **श्री टी.एम. मनीष** (मृतक पश्चात)कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और नियुक्तकर्ता **श्री टी.एम. मनीष** (मृतक पश्चात्) फ्लैट-409, फ्लोर-4, अविनाश आशियाना, ब्लॉक-G,स.क्र., खसरा नंबर 4/2, 4/3, 6/1, 4/5 4/11, 6/3, 4/6, 4/7, 6/4, P.h. No. 37, ग्राम-कोटा. | ₹ 09,28,524/- दिनांक 31 मार्च 2024* तक | 29-Apr-24 | 24-Aug-2024 (सांकेतिक कब्जा) | फ्लैट-409, फ्लोर-4, अविनाश आशियाना, ब्लॉक-G, स.क्र., खसरा नंबर 4/2, 4/3, 6/1, 4/5 4/11, 6/3, 4/6, 4/7, 6/4, P.h. No. 37, ग्राम-कोटा, रायपुर (छ.ग.) |
| 02. | **श्री श्राफ विशाल**, फ्लैट-03, फ्लोर-7, ओवरसीज पॉम रिसॉर्ट, ब्लॉक-A, स.क्र., खसरा नं.91/1-2, प.ह.नं. 44, ग्राम-सड्डू, रायपुर-492014. **अन्य पता:-** हाऊस नं.-01, तुलसी विला, खम्हारडीह रोड, शंकर नगर, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन-492014-भारत **अन्य पताः-** विशाल इंटरप्राईजेस, शॉप नं-15, नयापारा, लाखेर लाईन, रायपुर, 492001. **श्रीमती श्राफ दिव्या,** हाऊस नं.-01, तुलसी विला, खम्हारडीह रोड, शंकर नगर, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन-492014-भारत अन्य पताः-फ्लैट-03, फ्लोर-7, ओवरसीज पॉम रिसॉर्ट, ब्लॉक-A, स.क्र., खसरा नं.91/1-2, प.ह.नं. 44, ग्राम-सड्डू, रायपुर-492014. | ₹ 40,18,857/- दिनांक 31 मार्च 2024* तक | 29-Apr-24 | 24-Aug-2024 (सांकेतिक कब्जा) | फ्लैट-03, फ्लोर-7, ओवरशिज पॉम रिसॉर्ट, ब्लॉक-A, स.क्र., खसरा 91/1-2, प.ह.नं. 44, ग्राम-सड्डू, रायपुर (छ.ग.) |
| 03. | **श्री मानिकपुरी चंद्रहंस दास** (सह-ऋणी साथ ही कानूनी उत्तराधिकारी भी) पुत्र **श्री मानिकपुरी चिंता दास** (मृतक पश्चात्) कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और नियुक्तकर्ता **श्री मानिकपुरी चिंता दास** (मृतक पश्चात्) मकान नं.-C 381, आदर्श नगर, कुगदा गेटकेपास, कुगदा, कुम्हारी, दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 491001. **अन्य पता :-** EWS फ्लैट नं. 177, ब्लॉक-12, भूतल, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी (ब्लॉक 1 से 12) C.G.H.B. प्रोजेक्ट, डुमरतराई, नया धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) **श्रीमती ऊषा बाई** पत्नि **श्री मानिकपुरी चिंता दास** (मृतक पश्चात्) कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और नियुक्तकर्ता **श्री मानिकपुरी चिंता दास** (मृतक पश्चात्) मकान नं.-C 381, आदर्श नगर, कुगदा गेट के पास, कुगदा, कुम्हारी, दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन - 491001. **अन्य पता :-** EWS फ्लैट नं. 177, ब्लॉक-12, भूतल, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी (ब्लॉक 1 से 12) C.G.H.B. प्रोजेक्ट, डुमरतराई, नया धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) 492015. **श्री प्रभाकर दास** पुत्र **श्री मानिकपुरी चिंता दास** (मृतक पश्चात्) कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और नियुक्तकर्ता **श्री मानिकपुरी चिंता दास** (मृतक पश्चात्) मकान नं.-C 381, आदर्श नगर, कुगदा गेट के पास, कुगदा, कुम्हारी, दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन - 491001. **अन्य पता :-** EWS फ्लैट नं. 177, ब्लॉक-12, भूतल, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी (ब्लॉक 1 से 12) C.G.H.B. प्रोजेक्ट, डुमरतराई, नया धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) 492015. | ₹ 03,27,781/- दिनांक 31 मार्च 2024* तक | 29-Apr-24 | 24-Aug-2024 (सांकेतिक कब्जा) | EWS फ्लैट नं. 177, ब्लॉक-12, भूतल, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी (ब्लॉक 1 से 12) C.G.H.B. प्रोजेक्ट, डुमरतराई, नया धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) |
| 04. | **1. श्री जैन जितेन्द्र** द्वितीय तल, फ्लैट नं. 2106, शांती रेसीडेंसी, स.क्र., खसरा नं. 438/3, 439/5-6-8-15-16-17, प.ह.नं. 114, ग्राम-टिकरापारा, रायपुर-492001. **अन्य पता:-श्री जैन जितेन्द्र,** वार्ड 46, हाऊस नं. 08, गुलाब जैन कॉलोनी, आम्रपाली सोसायटी के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर-492001. **2. श्रीमती जैन भाविक,** वार्ड 46, हाऊस नं. 08, गुलाब जैन कॉलोनी, आम्रपाली सोसायटी के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर-492001. **अन्य पता :-श्रीमती जैन भाविक,** द्वितीय तल, फ्लैट नं. 2106, शांती रेसीडेंसी, स.क्र., खसरा नं. 438/3, 439/5-6-8-15-16-17, प.ह.नं. 114, ग्राम-टिकरापारा, रायपुर-492001. **3. श्रीमती जैन चंदा बाई,** वार्ड 46, हाऊस नं. 08, गुलाब जैन कॉलोनी, आम्रपाली सोसायटी के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर-492001. **अन्य पता :-श्रीमती जैन चंदा बाई,** द्वितीय तल, फ्लैट नं. 2106, शांती रेसीडेंसी, स.क्र., खसरा नं. 438/3, 439/5-6-8-15-16-17, प.ह.नं. 114, ग्राम-टिकरापारा. | ₹ 29,19,419/- दिनांक 30 अप्रैल 2024* तक | 14-May-24 | 24-Aug-2024 (सांकेतिक कब्जा) | द्वितीय तल, फ्लैट नं. 2106, शांती रेसीडेंसी, स.क्र., खसरा नं. 438/3, 439/5-6-8-15-16-17, प.ह.नं. 114, ग्राम-टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) |
| 05. | **श्री माधुरिया राजेश कुमार**, यूनिट-D-9, ग्रीन अर्थ (प्लॉट) स.क्र. (217,218, 226-235, 242-250) का भाग, ग्राम अमलेश्वर के अंतर्गत एवं (1496, 1503, 1504, 1516, 1517) ग्राम सांकरा के अंतर्गत, तहसील पाटन, जिला दुर्ग-491111. **अन्य पताः-कृष्ण सखा सोसायटी**, रोहिणीपुरम तालाब के पास, रायपुर-रायपुर, रायपुर छत्तीसगढ़, पिन-492001-भारत. **अन्य पताः-सिंग इंफ्रा वेंचर्स,** कृष्ण सखा सोसायटी, रोहिणीपुरम, रायपुर-492001. **श्रीमती माधुरिया प्रेमलता,** कृष्ण सखा सोसायटी, रोहिणीपुरम तालाब के पास, रायपुर-छत्तीसगढ़, पिन-492001-भारत. **अन्य पताः-** यूनिट-D-9, ग्रीन अर्थ (प्लॉट) स.क्र. (217,218, 226-235, 242-250) का भाग, ग्राम अमलेश्वर के अंतर्गत एवं (1496, 1503, 1504, 1516, 1517) ग्राम सांकरा के अंतर्गत, तहसील पाटन, जिला दुर्ग-491111. | 14,72,315/- दिनांक 31 मार्च 2024* तक | 29-Apr-24 | 24-Aug-2024 (सांकेतिक कब्जा) | यूनिट-D-9, ग्रीन अर्थ (प्लॉट) स.क्र. (217,218, 226-235, 242-250) का भाग, ग्राम अमलेश्वर के अंतर्गत एवं (1496, 1503, 1504, 1516, 1517) ग्राम सांकरा के अंतर्गत, तहसील पाटन, जिला दुर्ग, छ.ग. |
| 06. | **श्रीमती मेने प्रीति,** खसरा नं. 167/14, प.ह.नं. 105/47/59, मौजा चंगोराभाठा, डॉ. खूब चंद बघेल वार्ड नं. 67, रा.नि.मं. रायपुर-1, रायपुर छ.ग.-492013. **अन्य पताः-** सेक्टर-3, गली 10, नवनीत विद्या मंदिर के पीछे, प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर-छत्तीसगढ़, पिन-492013 - भारत. **अन्य पताः-मेसर्स साई आटो सेल्स,** ब्लॉक A, स्ट्रीट 13, करन नगर, न्यू चंगोराभाठा, रायपुर-रायपुर-492013 **अन्य पताः-सिंग इंफ्रा वेंचर्स,** कृष्ण सखा सोसायटी, रोहिणीपुरम, रायपुर-492001. **श्रीमती मेने उदय वसंत,** खसरा नं. 167/14, प.ह.नं. 105/47/59, मौजा चंगोराभाठा, डॉ. खूब चंद बघेल वार्ड नं. 67, रा.नि.मं. रायपुर-1, रायपुर छ.ग.-492013. **अन्य पताः-** सेक्टर-3, गली 10, नवनीत विद्या मंदिर के पीछे, प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर-छत्तीसगढ़, पिन-492013 - भारत. **मेसर्स शिवम सेल्स कॉर्पोरेशन, मेने उदय वसंत** मालिक के माध्यम से, ब्लॉक A, स्ट्रीट 13, करन नगर, न्यू चंगोराभाठा, रायपुर-रायपुर-492013- भारत. | ₹ 23,49,109/- दिनांक 31 मार्च 2024* तक | 29-Apr-24 | 24-Aug-2024 (सांकेतिक कब्जा) | खसरा नं. 167/14, प.ह.नं. 105/47/59, मौजा चंगोराभाठा, डॉ. खूब चंद बघेल वार्ड नं. 67, रा.नि.मं. रायपुर-1, रायपुर छ.ग. |
| 07. | **श्री देवी सविता** (सह-ऋणी साथ ही कानूनी उत्तराधिकारी भी) पुत्र **श्री दिले राम** (मृतक पश्चात्) कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और नियुक्तकर्ता **श्री दिले राम** (मृतक पश्चात्) R/o.- मकान-1b-94, शहीद भगत सिंग कॉलोनी, SECL, कोरबा-छत्तीसगढ़, पिन- 495677-भारत. **अन्य पता :-**प्लॉट-276, फेस-1, सेक्टर-1, श्री राधे कृष्ण नगर, फेस 1, स.क्र., खसरा नं. 112-119, 122 123, 138-144, 146, 147, 150 155-161, 164, 216, 709, 106 का भाग, नया खसरा-15000/1,ग्राम-छछानपैरी,तहसील-अभनपुर, रायपुर- 493661-भारत. **श्री आलोक आनंद** पुत्र **श्री दिले राम** (मृतक पश्चात्) कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और नियुक्तकर्ता **श्री दिले राम** (मृतक पश्चात्) R/o.- मकान-1b-94, शहीद भगत सिंग कॉलोनी, SECL, कोरबा-छत्तीसगढ़, पिन- 495677-भारत. **अन्य पता :-**प्लॉट-276, फेस-1, सेक्टर-1, श्री राधे कृष्ण नगर, फेस 1, स.क्र., खसरा नं. 112-119, 122 123, 138-144, 146, 147, 150 155-161, 164, 216, 709, 106 का भाग, नया खसरा-15000/1,ग्राम-छछानपैरी,तहसील-अभनपुर, रायपुर- 493661. **श्रीमती दिव्यानी** पुत्री **श्री दिले राम** (मृतक पश्चात्) कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और नियुक्तकर्ता **श्री दिले राम** (मृतक पश्चात्) R/o.- मकान-1b-94, शहीद भगत सिंग कॉलोनी, SECL, कोरबा-छत्तीसगढ़, पिन- 495677-भारत. **अन्य पता :-**प्लॉट-276, फेस-1, सेक्टर-1, श्री राधे कृष्ण नगर, फेस 1, स.क्र., खसरा नं. 112-119, 122 123, 138-144, 146, 147, 150 155-161, 164, 216, 709, 106 का भाग, नया खसरा-15000/1,ग्राम-छछानपैरी,तहसील-अभनपुर, रायपुर- 493661. | ₹ 2,64,258/- दिनांक 31 मार्च 2024* तक | 29-Apr-24 | 27-Aug-2024 (भौतिक कब्जा) | प्लॉट-276, फेस-1, सेक्टर-1, श्री राधे कृष्ण नगर, फेस 1, स.क्र., खसरा नं. 112-119, 122 123, 138-144, 146, 147, 150 155-161, 164, 216, 709, 106 का भाग, नया खसरा-15000/1,ग्राम-छछानपैरी,तहसील-अभनपुर, रायपुर, छ.ग. |

*भुगतान और/या वसूली की तारीख तक लागू अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के साथ।

हालाँकि, चूँकि ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि देय राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारियों ने धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊपर वर्णित अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति(यों) पर कब्ज़ा कर लिया है। उक्त अधिनियम ऊपर उल्लेखित तिथियों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा जाता है।

विशेष रूप से ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उपरोक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ लेनदेन न करें और उक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ कोई भी लेनदेन एचडीएफसी के बंधक के अधीन होगा।

उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

निकाले गए पंचनामा और बनाई गई सूची की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त करें।

**स्थान-रायपुर, दुर्ग, दिनांक : 30.08.2024**

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड के लिए**
**वास्ते**
**प्राधिकृत अधिकारी**

**रजिस्टर्ड ऑफिस : एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापती बापत मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013**

ASA

## जैकेट के शेष

### 50 की उम्र ....

साथ मूलचंद ने अपने भीतर के खिलाड़ी को अब भी जीवित रखा है। खेल अलंकरण समारोह में शहीद विनोद चौबे सम्मान दिया गया। आमतौर पर 67 साल की उम्र में लोगों के घुटनों का दर्द शुरू हो जाता है। कई लोग घर से बाहर निकलने से भी बचते हैं, लेकिन मूलचंद अब भी राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स में भाग लेते हैं और 100 से 800 मीटर तक की दौड़ लगाते हैं। हरिभूमि से बातचीत में बताया कि बचपन से युवा अवस्था तक एथलेटिक्स का खिलाड़ी नहीं था। जब 50 साल की उम्र में एथलेटिक्स बनने का सोचा, उस समय मेरी सोच थी कि अगर खेल से जुड़ा रहूंगा, तो अधिक उम्र तक स्वस्थ रहूंगा। आज भी यही सोचता हूं। उन्होंने बताया कि अभी तक तीन बार राष्ट्रीय खेल में हिस्सा ले चुका हूं, जिसमें दो बार प्रथम स्थान पर था। स्वस्थ शरीर का राज देसी खानपान है। बोरे बासी खाकर दौड़ता हूं। दिन में दो बार दूध और अधिक से अधिक भाजी खाता हूं। मुझे कोई बीमारी नहीं है।

### रोज 8 किलोमीटर ...

फुर्तीला था। वही जोश आज भी है। जब एथलेटिक्स बनने का सोचा था, तब घर में बच्चों ने मनोबल बढ़ाया था। खेल के कारण लोग मुझे बुजुर्ग नहीं कहते। जवान रहना है, तो हर व्यक्ति को दौड़ते रहना चाहिए।

### जीवन के 80 ....

ले सकूं। अन्य दोस्तों की तरह मेरी भी इच्छा नेशनल प्रतियोगिता खेलने की थी, जिसे मैंने 50 साल की उम्र में 2014 में पूरा किया। उनका कहना है कि अपने जीवन के 80 साल तक दौडूंगा। जब तक शरीर स्वस्थ है किसानी के साथ-साथ खेल करता रहूंगा।

### सीएम साय का ....

लिए बड़ी घोषणा की है। ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को तीन करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। वहीं, रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को दो करोड़ रुपये, और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करना है। श्री साय ने कहा कि सरकार हमेशा खिलाड़ियों के समर्थन में खड़ी है और उन्हें हर संभव संसाधन और अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले पांच सालों में राज्य में राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन नहीं हुआ। हमारी सरकार ने खिलाड़ियों की पीड़ा महसूस की और राज्य खेल अलंकरण समारोह पुनः आयोजित करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा रायपुर में लक्ष्मी बाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान का ऑफ सेंटर भी शुरू किया जाएगा, जो खेलों के क्षेत्र में प्रदेश की बड़ी उपलब्धि होगी।

### क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना ....

खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करेंगे। खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत रायपुर और बिलासपुर में मल्टीपर्पस हॉल तथा बलौदाबाजार में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण कराया गया है।

### रिक्त पदों की ...

सम्पत अग्रवाल, पुरन्दर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब, प्रणव मरपच्ची, मोती लाल साहू, अनुज शर्मा, इन्द्र कुमार साहू, सचिव खेल युवा कल्याण विभाग हिमशिखर गुप्ता, खेल संचालक तनुजा सलाम सहित खिलाड़ीगण मौजूद रहे।

### तेलंगाना सीएम से ....

से बातचीत में कहा था कि विधान परिषद सदस्य कविता को पांच महीने में जमानत मिलने पर संदेह है, जबकि मनीष सिसोदिया को 15 महीने बाद जमानत मिली और अरविंद केजरीवाल को अब तक जमानत नहीं मिली है। उन्होंने आरोप लगाया, यह सच है कि बीआरएस ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत के लिए काम किया। ऐसी भी चर्चा है कि कविता को बीआरएस और भाजपा के बीच समझौते के कारण जमानत मिली। शीर्ष अदालत ने कहा कि संस्थाओं के प्रति परस्पर सम्मान रखना बुनियादी कर्तव्य है और एक दूसरे के क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। पीठ ने कहा, हम हमेशा कहते हैं कि हम विधायिका में हस्तक्षेप नहीं करेंगे, तो उनसे भी यही अपेक्षा की जाती है। क्या हम राजनीतिक विचारों के आधार पर आदेश पारित करते हैं?" पीठ में न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन भी शामिल हैं। शीर्ष अदालत 2015 के 'नकद के बदले वोट' घोटाला मामले में मुकदमे को राज्य से भोपाल स्थानांतरित करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें रेड्डी एक आरोपी हैं।

**वकीलों ने बात संभालने की कोशिश की :** रेड्डी के लिए पेश वरिष्ठ वकीलों मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा ने बात संभालने की कोशिश की, लेकिन जज इससे संतुष्ट नजर नहीं आए। उन्होंने मामले की सुनवाई सोमवार, 2 सितंबर के लिए स्थगित कर दी।

### छत्तीसगढ़ में शराब ....

एग्रीमेंट के बाद ही नया स्टॉक और ब्रांड यहां आएगा, लेकिन कीमत में किसी तरह की कमी नहीं की गई है।

### लेकिन शराब की ....

ने शराब सप्लाई के लिए अनुबंध की तैयारी की है, उनमें से अधिकतर कंपनियों की शराब ब्रेवरेज कार्पोरेशन के पास मौजूद है, इसलिए ब्रांड की कमी भी नहीं होने वाली है। नई व्यवस्था के तहत शराब खरीदी के पहले ब्रेवरेज कार्पोरेशन अपने गोदामों में रखे स्टॉक का वेरीफिकेशन करवा रहा है। इस काम में गोदाम के प्रभारी और संबंधित शराब कंपनियों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

### तय हो चुकी है ब्रांड ...

अगले साल 31 मार्च 2025 तक लागू रहेंगी। छत्तीसगढ़ सरकार के वाणिज्यक कर (आबकारी) विभाग द्वारा इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों के लिए आदेश में कहा गया है कि विदेशी मदिरा स्प्रिट-माल्ट की विक्रय दर का निर्धारण किया गया है। कलेक्टरों से कहा गया है कि 2024-25 के समस्त विदेशी मदिरा फुटकर लाइसेंसी को फुटकर विक्रय की दर की सूचना दें।

# देश को मिली दूसरी न्यूक्लियर मिसाइल सबमरीन 'अरिघात'

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के बीच अरिहंत श्रेणी की दूसरी परमाणु चालित बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला करने में सक्षम पनडुब्बी 'आईएनएस अरिघाट' गुरुवार को भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े में औपचारिक रूप से कमीशन हो गई है। इसके लिए दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में एक समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी मौजूद थे। रक्षा मंत्री ने इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने के लिए समन्वय के साथ किए गए कड़े परिश्रम के लिए नौसेना, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और उद्योग जगत को बधाई दी। रक्षा मंत्रालय ने 29 अगस्त को जारी किए एक बयान में यह जानकारी दी।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को हुए नुकसान की जांच करेगी संयुक्त समिति

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में सिंधुदुर्ग के राजकोट किले में स्थापित की गई छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को हुए हालिया नुकसान की जांच करने के लिए भारतीय नौसेना की अध्यक्षता में एक संयुक्त समिति का गठन किया गया है। सूत्रों ने बताया कि इस समिति की अध्यक्षता नौसेना की मुंबई स्थित पश्चिमी कमांड में तैनात कैप्टन रैंक का एक अधिकारी करेगा। इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधि और तकनीकी विशेषज्ञ भी समिति का हिस्सा होंगे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL) AU & PC, CSPGCL,**
Shed No. 2, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

No.03-15/W/1065 — Raipur, date: 27.08.2024

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| S. N. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EDC/AU&PC / DSPM-KE/ W/2024/29 | Annual pollution control and maintenance works of ash dyke of Gorhi/Pandripani at DSPM -TPS, CSPGCL, Korba East. | 43.92Lacs | 44,000/- | 12 Months | 81000 38863 |

**Cost of tender form is Rs. 885/- (Rs.750/- + 18% GST). The due date & time for submission of bids, TenderCost & EMD is 18.09.2024 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 20.09.2024 (up to 16:00) Hrsrespectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/ irj /portal. Note:- (i) In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder. (ii) Maintenance period for the work shall be Nil.**

SAVE ELECTRICITY — Executive Director (Civil) AU & PC, CSPGCL, Raipur



**कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

क्रमांक/543 / तक./न.पा.परि / 2024-25 — दन्तेवाड़ा, दिनॉक : 27/08/2024

**मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म /ठेकेदारों /एंजेसी /कंपनी से निम्नलिखित सी.सी. सड़क एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य हेतु नगरपालिका परिषद, दंतेवाड़ा द्वारा मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | कार्य का नाम | अनु लागत राशि (रूपये लाख में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 01 में नोहर साहू से खेमबती बघेल के घर के पास सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 4.01 | 09.09.2024 |
| 2 | वार्ड क्र. 02 में अतुल अग्रवाल के घर के पीछे ढक्कन सहित आर.सी. सी. नाली निर्माण कार्य | 6.48 | |
| 3 | वार्ड क्र. 03 में गुप्ता गुरूजी के घर से देवांगन के घर तकढक्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 4.99 | |
| 4 | वार्ड क्र. 04 में मालवीय मेडिकल से पप्पू किरान दुकान तक ढक्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 4.20 | |
| 5 | वार्ड क्र. 06 में डोमेन्द्र पाण्डे के घर से गोकुल के घर तक ढक्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 7.94 | |
| 6 | वार्ड क्र. 08 में शलुन दुकान से कबाड़ीपारा तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 5.89 | |
| 7 | वार्ड क्र. 08 में मनुवर्गिस के घर से परदेशी चौक तक ढक्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 5.98 | |
| 8 | वार्ड क्र. 09 में सूद बाड़ा से कौशिल्या ठाकुर के घर तक ढक्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 9.97 | |
| 9 | वार्ड क्र. 10 में दिलीप ठाकुर के घर से किर्ती ठाकुर के घर तक ढक्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 4.99 | |
| 10 | वार्ड क्र. 12 में सौर्य ऊर्जा से त्रिनाथ के घर तक ढक्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 7.48 | |
| 11 | वार्ड क्र. 13 दुर्गा मंच के पीछे ढक्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 3.98 | |
| 12 | वार्ड क्र. 14 में सी.एस.ई.बी. कार्यालय से एरीगेशन चौक तक ढक्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 5.98 | |
| 13 | वार्ड क्र. 15 में देवांगन के घर से वकील के घर तक ढक्कन सहित आ.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 3.99 | |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)


## पेज एक के शेष

### पेट तो भर रहा...

में चला गया। अब हालात यह हैं कि अधिकतर जिलों में छात्रों को भोजन के नाम पर सिर्फ चावल और पतली दाल ही परोसी जा रही है। थाली में प्रोटीन शामिल होना तो दूर की बात, हरी सब्जी भी नहीं है। राजधानी रायपुर में छात्रों को सेंट्रल किचन से खाना परोसा जा रहा है, इसलिए यहां खाने की गुणवत्ता कई जिलों की तुलना में अच्छी है, लेकिन जिस मात्रा में सब्जी होनी चाहिए उस मात्रा में हरिभूमि की पड़ताल में सब्जी नहीं मिली। अधिकतर दिन छात्रों को फ्राइड राइस और तड़के वाले दाल ही परोसे ही जा रहे हैं। गुरुवार को मेनू में हल्दी वाले चावल और पतली दाल ही रही। राजधानी सहित प्रदेश के अधिकतर जिलों में यही हालात हरिभूमि की पड़ताल में सामने आए।

**कर्ज और इमदाद के बूते मिल रहा भोजन :** रायगढ़ शहर समेत ग्रामीण अंचल के ज्यादातर सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन व्यवस्था कर्ज और मदद के बदौलत चल रही है। मध्याह्न भोजन पकाने के लिए सिलेंडर और व्यवस्थित शेड तक स्कूल परिसर में नहीं है। इसके बावजूद कुछ स्थानों पर मिड डे मील सिर फुटव्वल की वजह भी बन रहा है। बीते माह कलेक्टर जन दर्शन में अपनी शिकायत लेकर पहुंची धरमजयगढ़ के एक शासकीय विद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि स्कूल के कुछ पुराने शिक्षक मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी कर फर्जी दर्ज संख्या दर्शाकर मीड डे मील की राशि की बंदरबांट कर रहे हैं, हालांकि न्योता भोज के नाम पर जिले के आला अधिकारियों से लेकर जन प्रतिनिधियों ने सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन का स्वाद जरुर चखा था किंतु वर्षो से एक ही ढर्रे पर चल रहे मीड डे मील की गुणवत्ता अथवा इससे जुड़ी दिक्कत जानने समझने की जनमत ना तो निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने उठाई और ना ही अधिकारियों ने।

**मानदेय बढ़ाने की बात हुई थी, 1500 ही नहीं मिले :** मिड डे मील योजना के अंतर्गत रसोईया का काम करने वाले का कहना है कि पिछले 3 महीने से हमें मानदेय नहीं मिला है। सरकार ने मानदेय 1500 से 1800 और फिर 2500 तक देने के बाद कही थी, लेकिन अब हमें 1500 रुपए ही नहीं मिले हैं। 1500 रुपए में आजकल घर की सब्जी भाजी तक नहीं आती।

### एक कप चाय से...

वालों को दाल, तेल, नमक, गैस, मसाला, सब्जी आदि की खरीदी इसी दर के अनुपात में करनी पड़ रही है, इसीलिए बच्चों को पतली दाल, पानी वाली सब्जी परोसी जा रही है। बच्चों को खीर, चना, गुड़, मौसमी फल भी देने की बात कही गई थी। यह भी गायब है।

### ...यहां तो डेढ़ साल...

चावल ही खा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले साल भी राशन की राशि मध्यान्ह भोजन संचालित करने वाले समूह को नहीं दी गई थी। इस साल भी नए सत्र से लेकर अब तक किसी भी प्रकार की राशि मध्यान्ह भोजन समूह को प्रदान नहीं की गई है। ऐसे दर्जनों स्कूल जिले में मौजूद हैं, जिनकी हालत इससे भी बद्तर हैं।

बीजापुर जिले में 740 प्राथमिक शाला एवं 157 मिडिल स्कूल संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा नारायणपुर जिले 428 प्राथमिक शाला एवं 123 मिडिल स्कूल हैं। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी कृष्णा गोटा का कहना है कि स्कूल में बच्चों को चावल के साथ-साथ सब्जी एवं दाल भी दिया जा रहा है।

### आलू खाओ, सेहत...

प्रतिदिन चना-मुर्रा के साथ मौसमी फल देने का नियम है, लेकिन जिले के अधिकांश स्कूलों में इसका पालन नहीं हो रहा है। गुरुवार 29 अगस्त को नवागढ़ ब्लॉक के तुस्मा के प्रायमरी व मीडिल स्कूल में बच्चों को हरी सब्जी की जगह आलू व सोयाबीन की बड़ी दी गई। दाल के नाम पर पानी ही रहा। आचार, पापड़ और मीठा के साथ चना-मुर्रा और मौसमी फल का कहीं पता नहीं था। यही हाल तनौद स्कूल में देखने को मिला। यहां पर भी बच्चों को आलू की सब्जी परोसा गया।

### नक्सल ऑपरेशन पर...

के आरक्षक उदय कुमार पटवा घायल हो गए। सहायक उपनिरीक्षक चमरू तेलम का दंतेवाड़ा अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं दुर्घटना में घायल हुए बस्तर फाइटर के आरक्षक उदय कुमार पटवा की स्थिति सामान्य है और उनका इलाज मेडिकल कॉलेज डिमरापाल जगदलपुर में चल रहा है। सहायक उप निरीक्षक का पार्थिव शरीर जिला अस्पताल दंतेवाड़ा से बीजापुर पुलिस लाइन के लिए रवाना किया गया।

### छह राज्यों में बारिश...

इलाके अभी भी जलमग्न हैं। भारी बारिश और अजवा बांध से पानी छोड़े जाने के कारण मंगलवार को सुबह विश्वामित्री नदी का जलस्तर 25 फुट के खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया था। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, गुजरात में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लगातार दूसरे दिन मुझे फोन किया और स्थिति के बारे में जानकारी ली।

### स्कूल में हेडमास्टर...

बच्चों का टोटा बना हुआ है। विभाग ने यहां बच्चों की संख्या बढ़ाने कोई प्रयास नहीं किया। यहां पदस्थ हेडमास्टर सहित तीन शिक्षक आते हैं। प्रधान पाठक के पद पर राजेश दिवाकर पदस्थ हैं व सहायक शिक्षक के पद पर कुमारी तिलोत्तमा सिदार एवं श्रीमती अनुपमा पैंकरा पदस्थ हैं। चूंकि कोई बच्चे ही नहीं है इसलिए प्रधान पाठक से लेकर शिक्षक तक केवल बैठकर समय गुजारते हैं। हरिभूमि संवाददाता जब स्कूल पहुंचा तब प्रधान पाठक राजेश दिवाकर व सहायक शिक्षक कमरे में बैठकर मोबाइल खेलते नजर आए, जबकि एक सहायक शिक्षक अपनी ड्यूटी से ही नदारद थीं। प्रधान पाठक राजेश दिवाकर से संवाददाता ने बात करनी चाहिए तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

### स्कूल को दूसरे में...

पाठक को नोटिस जारी किया गया है। शासन के युक्तियुक्तकरण नियम के तहत 1 किलोमीटर में पदस्थ टूकु पखना विद्यालय में हलबोहा विद्यालय को मर्ज किया जाएगा।

### नारायणपुर-कांकेर की सीमा...

में हथियार व नक्सल सामग्री बरामद किया है। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि जिला नारायणपुर व कांकेर के सरहदी क्षेत्र ग्राम हचेकोटी, छिंदपुर, बिनागुंडा, आदनार, काकनार व आसपास के जंगल पहाड़ियों में परतापुर एरिया कमेटी के माओवादियों एवं कंपनी नंबर 5 के लगभग 30-40 माओवादियों के मौजूद होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद जिला नारायणपुर एवं कोण्डागांव से डीआरजी, एसटीएफ व बीएसएफ135वीं बटालियन की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ स्थल के आसपास सर्चिंग के दौरान अब तक 3 वदीर्धारी महिला माओवादी के शव के साथ उनके हथियार थ्री नॉट थ्री रायफल, 315 बोर बंदूक व भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री सहित नक्सलियों के दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद किए गए हैं।

### जियो ग्राहकों के...

कहा कि 'जियो एआई-क्लाउड वेलकम' पेशकश को दिवाली के मौके पर जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह एक शक्तिशाली और किफायती समाधान लाएगा जहां क्लाउड डेटा स्टोरेज और डेटा-संचालित एआई सेवाएं हर किसी के लिए, हर जगह उपलब्ध होंगी। अंबानी ने कहा, जियो ग्राहकों को 100 जीबी तक का मुफ्त क्लाउड स्टोरेज मिलेगा, जिससे वे अपने सभी फोटो, वीडियो, दस्तावेज, अन्य सभी डिजिटल कंटेंट और डेटा को सुरक्षित तरीके से स्टोर करने के अलावा उन तक पहुंच बना पाएंगे। इससे अधिक स्टोरेज की जरूरत वाले लोगों के लिए भी हमारे पास सबसे किफायती कीमतें होंगी। उन्होंने कहा कि जियो के मुताबिक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कुछ चुनिंदा लोगों के लिए आरक्षित विलासिता नहीं होनी चाहिए।


**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ शासन का एक उपक्रम) (छ. रा. वि. मं. की उत्तरवर्ती कम्पनी)
**कार्या कार्यपालन यंत्री (सं/सं ) संभाग बेमेतरा**
Email ID : eeonm.bemetera@cspc.co.in

क्रमांक 3744/सामान्य/विज्ञा./2824 — बेमेतरा, दिनांक 29.08.2024

**"विद्युत अवरोध की सूचना"**

(सं./सं.) संभाग छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कम्प.लिमि. बेमेतरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 31.08.2024 को 220 के.व्ही. गुनरबोड** में अतिआवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः नीचे दिये गये दिनांक अनुसार समय सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक विद्युत अवरूद्ध रहेगा। आवश्यकतानुसार समय सीमा में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | दिनांक / दिन | 33 के.व्ही. फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | 31.08.2024 / शनिवार | 33 के.व्ही. बालसमुंद, बावामोहतरा, बेमेतरा ग्रामीण, बेमेतरा शहर, कोबिया, सरदा, एवं मटका फीडर | 33 के.व्ही. बालसमुंद, बावामोहतरा, बेमेतरा ग्रामीण, बेमेतरा शहर, कोबिया, सरदा, एवं मटका फीडर तथा इन फीडरों से संबंधित समस्त उच्च दाब कनेक्शन । |

"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें"
"असुविधा के लिए खेद है"

कार्यपालन यंत्री (संचा. एवं संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कम्प. लिमिटेड बेमेतरा



**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**
(Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015822
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (EITC) Telephone: (0771) – 2574 123, 2574 166
Website: www.cspdcl.co.in e-mail: eitc.web@cspc.co.in

07-01/EITC/CCS/Tr-394/1107 — ,RaipurDated –29-Aug-2024

**NOTICE INVITING TENDER**

1.Sealed offers are invited from experienced bidder for –

| SN. | Tender No. | Particulars | Tender Document Fee | EMD | Due Date & time of submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tr-394 & RFx No. 8100038226 | Request for Proposal (RFP) for 'Engaging Manpower for 24x7x365 Operations at Customer Care Center, Raipur' for a period of two years. | Rs. 5900 (Rs. 5000 + GST @ 18%) | Rs. 5 Lakhs | 20-Sep-2024 15:00 Hrs. |

2.For further details & downloading the Tender document, please visit at our web site www.cspdcl.co.in / **tender / tender notices / central offices** and e-bidding portal. 3.Any corrigendum or extension of due date of tender opening shall not be published in newspaper. It will be displayed only on the website and e-bidding portal.

SAVE ELECTRICITY — Executive Director (EITC)



**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

NO.021-10/PUBLICATION/ 3786 — Korba West, dtd. 28.08.2024

e-Bidding TENDER NOTICE No. 1296/2024.

**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100038922 | Deployment of One No. SUV (0-1 year) for E.E. WS&G & E.E. CHIO, 1x500 MW, HTPS, Korba West. | 590/- | 6,285/- | 18.09.2024 |
| 2. | Rfx No. 8100038923 | Deployment of One No. SUV (7 Seated for 0 to 1 year) for E.E. (EMD-I and I&C-I), PH-I, HTPS, Korba West. | 590/- | 6,285/- | 18.09.2024 |
| 3. | Rfx No. 8100038921 | Assisting in m aterial handling, counting & stacking and other store related works pertaining to O&M:Store of (4x210 MW & 1x500 MW), HTPS, Korba West. | 590/- | 12,150/- | 19.09.2024 |
| 4. | Rfx No. 8100038869 | Deployment of 03 Skilled manpower on contract basis for D.M. Plant & Drinking House of 4x210MW, HTPS, Korba West. | 590/- | 6,860/- | 18.09.2024 |

NOTE: - 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website **www.cspc.co.in– e-Bidding. 2. Quantity as per tender schedule.**

SAVE ELECTRICITY — SUPERINTENDING ENGINEER (C-I) O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST



**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/जीएम/भट/राजस्व/2024/730 (A) — दिनांक 01.08.2024

**सूचना**

एसईसीएल के भटगांव क्षेत्र की जगन्नाथपुर खुली खदान हेतु ग्राम जगन्नाथपुर, पंपापुर जिला-सूरजपुर तथा ग्राम चौरा, परसवारकला जिला-बलरामपुर की कुल 662.151 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण सीबीए (ए एंड डी) अधिनियम 1957 की अधिसूचना 9(1) एस.ओ. 1935 दिनांक 04.08.2010 का प्रकाशन भारत के राजपत्र में दिनांक 07.08.2010 का किया गया है।

1. जिसके तहत् ग्राम जगन्नाथपुर की कुल 323.09 हे. भूमि का अधिग्रहण किया गया है। जिसमें से 235.09 हेक्टेयर भूमि निजी स्वामित्व की भूमि है।
2. ग्राम जगन्नाथपुर की अधिग्रहित निजी भूमि के मुआवजा राशि निर्धारण हेतु आवश्यक राजस्व अभिलेख प्रपत्र-5 एवं प्रपत्र-06 का ग्राम के पटवारी, राजस्व निरीक्षक एवं तहसीलदार प्रतापपुर द्वारा सत्यापित प्रति उपलब्ध करायी गई जिसके अनुसार ग्राम जगन्नाथपुर स्थित मखन पुत्र जोगी मिंज के निजी भूमि पर बने मकान और अन्य परिसंपत्ति तथा भूमि का अधिग्रहण किया गया है।
3. भूमिस्वामी मखन मिंज मृत हो चुके हैं अतः उनके वर्तमान कानून भूमिस्वामी मुआवजा राशि 8411284.00 रूपये और उनके परिवार के अन्य सदस्यो की शामिलात खाता की ग्राम जगन्नाथपुर और ग्राम चौरा की भूमि का मुआवजा राशि 3530534.80 रू. निर्धारित किया गया है।
4. मुआवजा राशि प्राप्त करने हेतु अनेको बार लिखित एवं मौखिक रूप से सुचित किया जा चूका है। उक्त संबंध में कार्यालयीन अभिलेख के अनुसार विभिन्न पत्राचार किये गये है-
   1. एसईसीएल/भट/जगन्नाथपुर/2017/897 दिनांक 14.11.2017
   2. एसईसीएल/उपशात्र/जगन्नाथपुर/991 दिनांक 24.09.2018
   3. एसईसीएल/भट/उपशात्र/जगन्नाथपुर/2018/840 दिनांक 01.08.2018

   साथ ही ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर के माध्यम से भी भूमि मुआवजा राशि प्राप्त करने हेतु सुचित किया गया था। परंतु मुआवजा प्राप्त करने के लिए भूस्वामी मखन मिंज (मृत) के विधिक वारिशों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः माननीय कलेक्टर सूरजपुर से सहमति के उपरान्त भूमि मुआवजा पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल बिलासपुर में वर्ष 2018 में जमा कर दिया गया है।
5. ग्राम जगन्नाथपुर की अधिग्रहित भूमि पर स्थित मकान और अन्य परिसंपत्तियों का मुआवजा भी मकान के मापन उपरांत वर्ष 2018 में निर्धारित किया जा चुका है। परंतु भूमि स्वामी मखन मिंज (मृत) और उनके कानून वारिशों के द्वारा अभी तक मकान मापन नहीं कराया गया है। उपरोक्त के सन्दर्भ में अनेको बार लिखित एवं मौखिक रूप से सुचित किया जा चुका है।

   उक्त संबंध में कार्यालयीन अभिलेख के अनुसार विभिन्न पत्राचार किये गये है :-
   1. एसईसीएल/भट/उपक्षेत्र/जगन्नाथपुर/1251 दिनांक 12.10.2022
   2. एसईसीएल/भट/उपक्षेत्र/जगन्नाथपुर/671 दिनांक 10.07.2023
   3. एसईसीएल/उपक्षेत्र/जगन्नाथपुर/1467 दिनांक 27.12.2023
   4. एसईसीएल/भट/उपक्षेत्र/जगन्नाथपुर/2092 दिनांक 01.02.2024
   5. एसईसीएल/जीएम/भट/राजस्व/2024/370 दिनांक 11.04.2024
   6. एसईसीएल/जीएम/भट/राजस्व/2024/276 दिनांक 01.06.2024

   जिनका स्थानीय पेपर में भी दिनांक 21.04.2024 एवं 01.06.2024 को नवभारत, रायपुर एवं नवभारत, बिलासपुर तथा अम्बिकावाणी, अम्बिकापुर में प्रकाशन करवाया गया है। परन्तु आज तक श्री मखन मिंज (मृत) और उनके कानून वारिशों के द्वारा कोई आवेदन/अपील नहीं की गई।
7. कोल बियरिंग एरिया (ए एंड डी) एक्ट 1957 की धारा-12 के अंतर्गत

